अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 238 | लखनऊ, मंगलवार, 17 मार्च 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### केवी और नवोदय विद्यालयों में 13 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली : शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली। देशभर के केंद्रीय विद्यालयों (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में 13,701 शिक्षकों के पद खाली हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केवीएस में 8,618 और एनवीएस में 5,083 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि नए केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों के खुलने, कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने, इस्तीफ़े, पदोन्नति, तबादले और अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर जाने और स्कूलों के अपग्रेड होने की वजह से समय-समय पर रिक्तियां उत्पन्न होती रहती हैं।

### सरकार ने फिर दोहराया देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित निकासी और भारतीयों की स्वदेश वापसी के प्रयास कर रही है। सरकार ने फिर दोहराया कि देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है और वितरण एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। एलपीजी से लदा एक जहाज भारतीय तट पर पहुंच रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को सप्लाई लगातार मिल रही है और डिस्ट्रीब्यूटर-लेवल पर कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्तिः मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य और व्यायाम के महत्व पर जोर देते हुए एक संस्कृत सुभाषित सोमवार को साझा किया। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन का सबसे बड़ा धन है। इसे बनाए रखने में नियमित व्यायाम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में संस्कृत में यह सुभाषित साझा किया- व्यायामाल्लभते स्वास्थ्यं दीर्घायुष्यं बलं सुखम्। आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम् इस सुभाषित का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि व्यायाम से उत्तम स्वास्थ्य, लंबी आयु, शक्ति और सुख की प्राप्ति होती है। अच्छा स्वास्थ्य सबसे बड़ा सौभाग्य है और जीवन में सभी कार्यों की सफलता का आधार भी स्वस्थ शरीर ही है।

# आज देश के विकास का ग्रोथ इंजन बना हुआ है उप्र : योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने पीएम आवास योजना के 90 हजार लाभार्थियों को दी सौगात, जारी की 900 करोड़ रुपये की पहली किस्त

- पिछली सरकारों में पाले गए माफियाओं ने गरीबों का हक छीना, जमीनें कब्जाईं, अब उन्हीं जमीनों पर गरीबों के लिए घर बनेंगेः मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 के अंतर्गत 90,000 लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त के रूप में 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि जिन्होंने वर्षों तक आम जनता का शोषण किया है, उस शोषण की भरपाई अब ब्याज सहित वापस करने का समय आ गया है।

जिन माफियाओं ने गरीबों का हक छीना, जमीनें कब्जाईं, अब उन्हीं जमीनों पर गरीबों के लिए घर बनेंगे। डबल इंजन सरकार की नीति के तहत 25 करोड़ जनता ही परिवार मानकर बिना भेदभाव हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है, और यही उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' छवि से निकालकर देश का ग्रोथ इंजन बना रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल मकान देना नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मानजनक जीवन देना है, जहां घर के साथ शौचालय, बिजली, पानी और सभी बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसके पास अपना घर हो। मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है और उसमें अपना पक्का मकान बनाने की क्षमता है। जैसे अन्य जीव शरण के लिए ठौर-ठिकाना बनाते हैं, उसी तरह घर मनुष्य के जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। इस मूल आवश्यकता को पूरा करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हाथों में लिया, जिसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में अब तक लगभग 62 लाख परिवारों को इस योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जा चुका है।

मुख्यमंत्रीयोगी ने कहा कि 2017 से पहले गरीबों के लिए आवास योजनाएं होने के बावजूद उनका लाभ नहीं मिल पाता था, क्योंकि प्रदेश सरकार में इच्छाशक्ति की कमी थी। जब व्यक्ति स्वार्थ में डूब जाता है तो उसकी संवेदनाएं समाप्त हो जाती हैं और वह केवल अपने परिवार तक सीमित रह जाता है। इसी कारण उस समय की सरकारें भी परिवार और नातेदारों तक सीमित थीं। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन सरकार ने 25 करोड़ प्रदेशवासी ही परिवार हैं की सोच के साथ काम करते हुए हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना अपनी प्राथमिकता बना लिया।

### हर गरीब के साथ सरकार की संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार की संवेदना हर गांव, गरीब, युवा, महिला, किसान और श्रमिक के साथ है। इसी क्रम में 90,000 से अधिक लाभार्थियों को आवास के लिए ?1 लाख की पहली किस्त दी जा रही है। इसमें सहारनपुर में 10,214 लाभार्थियों को, प्रतापगढ़ में 7,991, शाहजहांपुर में 4,325, फिरोजाबाद में 4,266, प्रयागराज में 3,331, जालौन में 3,174, सीतापुर में 3,078, गोरखपुर में 3,063, बरेली में 3,017, अलीगढ़ में 2,883, बदायूं में 2,712, महाराजगंज में 2,701, मेरठ में 2,626, अमरोहा में 2,175, हरदोई में 1,895, बुलंदशहर में 1,826, कुशीनगर में 1,562, बहराइच में 1,529, आगरा में 1,473, मऊ में 1,470, बांदा में 1,437, बिजनौर में 1,364, गाजियाबाद में 1,209, देवरिया में 1,138 और गोंडा में 1,121 लाभार्थियों को यह पहली किस्त प्रदान की गई है। कुल 900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में भेजी गई है। यह तकनीक के प्रभावी उपयोग का उदाहरण है, जहां बिना किसी बिचौलिए के पैसा सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है और सभी के मकान बनने का रास्ता साफ हो रहा है।

### लोकसभा के आठ सांसदों के निलंबन को वापस लेने पर सहमति

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सोमवार को हुई विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि आठ लोकसभा सांसदों का निलंबन मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद वापस ले लिया जाएगा। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने आज बताया कि श्री बिरला की अध्यक्षता में गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, एडवोकेट डीन कुरियाकोस, अमरींदर सिंह राजा वारिंग, बी. मणिकम टैगोर, डॉ. प्रशांत यदोराव पाडोले, चामला किरण कुमार रेड्डी और एस. वेंकटेशन जिन्हें संसदीय कार्य मंत्री द्वारा लाये गए एक प्रस्ताव पर 3 फरवरी से शुरू हुई सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया था, उनका निलंबन कल प्रश्न काल के बाद वापस लिया जाएगा। बैठक में यह भी सहमति बनी कि संसद की गरिमा और स्थापित परंपराओं का सभी द्वारा पालन किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया कि कोई भी सदस्य वेल में दूसरी तरफ नहीं जाएगा, कागज फाड़कर आसन की ओर नहीं फेंकेगा, और अधिकारियों की मेज पर नहीं चढ़ेगा।

## कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में आग, 10 मरीजों की मौत



एजेंसी

- कटक अस्पताल अग्निकांड पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक, नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अनुग्रह राशि की घोंषणा

भुवनेश्वर। ओडिशा के कटक स्थित श्रीरामचंद्र भंज मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ट्रॉमा केयर इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम 10 मरीजों की मौत हो गई। इस हादसे से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और गंभीर मरीजों को तुरंत अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया। आग सुबह करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच इमरजेंसी विभाग की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा आईसीयू में लगी, जहां उस समय 23 मरीज भर्ती थे। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद होगी। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

मृतकों की पहचान रमेश परिडा, दशारू मुंडा, एम.डी. न्युम, गौरांग बारिक, एस.के. अब्दुल सत्तार, मधुसूदन दलाई, कृष्णचंद्र बिस्वाल, रवींद्र दास, चारू परिडा और मेनका राउत के रूप में हुई है।

## चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को असम, केरल एवं पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव और गोवा, कर्नाटक, नगालैंड एवं त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी।इसी के साथ इन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी।

चुनाव आयोग ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और मुख्य चुनाव अधिकारियों को आचार संहिता (एमसीसी) तुरंत लागू करने के निर्देश दिए हैं। एमसीसी संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्र सरकार पर भी लागू होगा। आयोग ने सरकारी, सार्वजनिक और निजी संपत्ति से चुनावी डिफ़ेसमेंट हटाने, सरकारी गाड़ी या घर का गलत इस्तेमाल रोकने और सरकारी खर्च पर विज्ञापन जारी करने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने नागरिकों की




निजता का रोकने के लिए आम लोगों के घरों के बाहर कोई प्रदर्शन या धरना देने पर रोक लगाई है। और मालिक की सहमति के बिना जमीन, इमारत या दीवारों का इस्तेमाल झंडे, बैनर या पोस्टर के लिए इस्तेमाल करने पर भी रोक लगाई है।

आयोग ने शिकायतों के लिए आयोग ने एक मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया है, जिसमें 1950 कॉल सेंटर नंबर का प्रयोग किया जाएगा। इसके जरिए आम नागरिक या राजनीतिक दल संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी या रिटर्निंग ऑफिसर के पास शिकायत दर्ज करा पाएंगे। इसके अलावा नागरिक और राजनीतिक दल सी-विजिल ऐप का इस्तेमाल करके एमसीसी उल्लंघन की रिपोर्ट भी कर सकते हैं। शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड और 5200 से अधिक स्टैटिक सर्विलांस टीम तैनात की गई हैं। आयोग ने बताया कि राजनीतिक दलों को मीटिंग और जुलूस से पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करना होगा ताकि ट्रैफिक और सुरक्षा का इंतजाम किया जा सके। लाउडस्पीकर और अन्य सुविधाओं के लिए जरूरी अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मंत्री चुनाव प्रचार के साथ आधिकारिक काम नहीं करेंगे और न ही सरकारी मशीनरी, परिवहन या लोगों का इस्तेमाल करेंगे।

सभी स्तर के अधिकारियों को एमसीसी लागू करने, सभी दलों के साथ समान व्यवहार करने और आधिकारिक सुविधाओं के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए बिना भेदभाव काम करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें मीटिंग, जुलूस और मतदान इंतजाम को सही तरीके से रेगुलेट करना होगा, कानून-व्यवस्था बनाए रखनी होगी और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही आयोग ने सुविदा मॉड्यूल (चुनाव प्रचार के दौरान मैदान, हेलीपैड जैसी सार्वजनिक जगहों के इस्तेमाल के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए बनाया गया डिजिटल प्लेटफॉर्म) को सक्रिय कर दिया है।

### विस चुनाव 2026 : ममता के खिलाफ लड़ेंगे शुभेंदु, दिलीप घोष को भी मिला टिकट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी पहली उम्मीदवार सूची सोमवार को जारी कर दी है। पार्टी ने पहले चरण में 144 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। इस सूची में अधिकांश वर्तमान विधायकों पर फिर से भरोसा जताया गया है, जबकि कुछ सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। खास बात ये है कि इस बार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष जिन्हें लंबे समय तक पार्टी ने दर किनार रखा था, उन्हें भी उनकी पुरानी सीट खड़गपुर सदर से उम्मीदवार बनाया गया है।

## ओडिशा में राज्यसभा की चार सीटों में से तीन पर भाजपा की जीत, बीजद को एक सीट

एजेंसी

भुवनेश्वर। हार्स ट्रेडिंग और क्रॉस-वोटिंग के आरोपों के बीच हुए राज्यसभा चुनाव में ओडिशा की चार सीटों में से तीन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की, जबकि बीजू जनता दल (बीजद) को एक सीट पर सफलता मिली।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और मौजूदा सांसद सुजीत कुमार भाजपा की ओर से विजयी घोषित किए गए। वहीं बीजद के संतृप्त मिश्र ने भी एक सीट जीती। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय जिन्होंने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, उन्होंने भी जीत हासिल की।

भाजपा समर्थित दिलीप राय और बीजद के उम्मीदवार डॉ. दत्तेश्वर होता, जिन्हें कांग्रेस और माकपा का समर्थन प्राप्त था, दोनों को 23-23 प्रथम वरीयता वोट मिले। इसके बाद मुकाबला द्वितीय वरीयता मतों की गणना तक पहुंच गया।दिलीप राय की यह जीत एक तरह से उनके राजनीतिक करियर की वापसी मानी जा रही है, जो वर्ष 2002 में भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा चुनाव जीत चुके हैं। उस समय भी उन्होंने विभिन्न दलों के नेताओं के साथ अपने मजबूत संबंधों के दम पर जीत हासिल की थी।

बीजद को एक सीट मिलने के बाद उसके पास 18 अतिरिक्त वोट थे और पार्टी को उम्मीद थी कि कांग्रेस के 14 विधायकों और माकपा के एक विधायक के समर्थन से डॉ. होता को जीत दिलाई जा सकेगी।

## 'टेंपल इकॉनमी' बना यूपी : जयवीर सिंह

- जहां कभी सैफई में नृत्य महोत्सव होता था, आज ब्रज में 'राधे-राधे' की वैश्विक गूंज है : जयवीर सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



आगरा। उत्तर प्रदेश में विकसित हो रही 'टेंपल इकॉनमी' अब पर्यटन और स्थानीय रोजगार का अहम आधार बनती जा रही है। तीर्थ स्थलों पर पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और पर्यटन से जुड़ी सुविधाएं भी तेजी से विकसित हो रही हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रदेश अब 'ग्रेवयार्ड इकॉनमी' से निकलकर मंदिर, तीर्थ और सांस्कृतिक आयोजनों पर आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें कब्रिस्तानों की दीवारों तक ही विकास सीमित रखती थीं, जबकि अब आस्था, त्योहार और संस्कृति के जरिए पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

मंत्री ने बताया कि ब्रज रंगोत्सव 2026 के दौरान होली के प्रमुख दिनों में ही ब्रज क्षेत्र में 44 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे। इस दौरान लठमार होली, फूलों की होली, हुरंगा और मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में होने वाले पारम्परिक आयोजन ने देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को खूब आकर्षित किया। अमेरिका, यूके, रूस और ब्राजील समेत कई देशों से भी लोग इन उत्सवों में शामिल होने आए।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, मथुरा-वृंदावन से लेकर अयोध्या और काशी तक उत्तर प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थल अब वैश्विक पहचान बना चुके हैं। वर्ष 2025 में अकेले मथुरा में लगभग 10.24 करोड़ पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचे, जो प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। इसी तर्ज पर अब ब्रजधाम के समग्र विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

## होर्मुज से एलपीजी लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचा भारतीय जहाज शिवालिक

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत के लिए राहत देने वाली खबर सामने आई है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर भारतीय ध्वज वाला शिवालिक जहाज 45,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट बंदरगाह पहुंच गया है। दूसरा जहाज नंदा के भी जल्द आने के बाद देश में रसोई गैस की किल्लत कम होने के आसार हैं। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर संयुक्त हमले के चलते हॉर्मुज जलडमरूमध्य में फंसा भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर शिवालिक



'शिवालिक' 45,000 टन एलपीजी लेकर सोमवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर सुरक्षित पहुंच गया है। युद्ध क्षेत्र से सुरक्षित निकले इस जहाज से देशभर में चल रहा एलपीजी संकट दूर होने की उम्मीद है।

इससे पहले जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया था कि भारतीय ध्वज वाला एलपीजी वाहक शिवालिक आज शाम 5 बजे पहुंच जाएगा। कुमार ने कहा कि इसके आगमन से पहले मुद्रा बंदरगाह पर दस्तावेजीकरण, प्राथमिकता बर्थिंग और सब कुछ व्यवस्थित कर दिया गया है, ताकि माल के निर्वहन में कोई देरी न हो। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में कोई घटना सामने नहीं आई है और हम स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। हम प्रत्येक जहाज और उसके चालक दल के संपर्क में हैं। कुमार ने कहा कि 611 भारतीय नाविकों के साथ 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज फारस की खाड़ी में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पश्चिम में बने हुए हैं।

## आवासीय भूमि पट्टे के संरक्षण का दायित्व एसडीएम पर : हाईकोर्ट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- अनुसूचित जाति को आवंटित आवासीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर दो माह में कब्जा सौंपने का निर्देश
- कोर्ट ने कहा, आवंटी का भूमि पर भूमिधरी या आसामी अधिकार नहीं, जमीन ग्राम पंचायत की

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि ग्राम पंचायत द्वारा आश्रयहीन कृषि श्रमिक को आवंटित आवासीय भूमि के संरक्षण का दायित्व एस डी एम का है। यदि कोई आवंटी को बेदखल कर कब्जा कर लेता है तो उसे हटाकर आवंटी को कब्जा सौंपा जायेगा। कोर्ट ने कहा आवंटित आवासीय भूमि पर उत्तराधिकार हो सकता है किन्तु इससे आवंटी को भूमिधरी या आसामी का अधिकार नहीं मिल जाता। जमीन ग्राम पंचायत की ही रहेगी। उसे आवंटन निरस्त करने का भी अधिकार होगा।

इसी के साथ कोर्ट ने आवंटी को कब्जा दिलाने व अतिक्रमण हटाने का समादेश जारी करने की मांग में दाखिल




याचिका स्वीकार कर ली है और एस डी एम खागा, फतेहपुर को राजस्व संहिता की धारा 65 में संक्षिप्त कार्यवाही कर आवंटी याची को कब्जा सौंप घर बनाने दे। ऐसा करने से पूर्व अतिक्रमणकारियों को सुनवाई का पूरा मौका दिया जाय और दो माह में निर्णय ले।

यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन तथा न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने गीता देवी व अन्य की याचिका पर अधिवक्ता दिनेश कुमार मिश्र को सुनकर दिया है। खागा तहसील के गांव ओरहा के भूमिहीन आश्रयहीन खेतिहर मजदूर याची के पति रामलाल के नाम घर बनाने के लिए ग्राम पंचायत ने 16 अप्रैल 12 को भूमि आवंटन का प्रस्ताव भेजा जिसे एस डी एम द्वारा 24 दिसम्बर 12 को अनुमोदित किया गया। याची के पति ने कच्चा मकान बनाया, इसी बीच उसकी दुर्घटना में मौत हो गई। जिसमें याची को मुआवजा मिला तो उसने घर बनाना शुरू किया, किन्तु विपक्षियों ने रोक दिया और भगा दिया। जिलाधिकारी व एस डी एम से शिकायत की किंतु कोई कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट की शरण ली।

हाईकोर्ट ने कानूनी मुद्दे पर फैसला सुनाया और कहा कि ऐसे मामलों में एस डी एम को धारा 65 में संक्षिप्त कार्यवाही कर आवंटी को कब्जा सौंपने का अधिकार प्राप्त है। इस मामले में धारा 134 के उपबंध नहीं लागू होंगे। यह धारा भूमिधरी या आसामी की बेदखली पर कार्यवाही का उपबंध करती है। जो धारा 63 के आवासीय आवंटन पर लागू नहीं होती। जिसके अतिक्रमण से संरक्षण देने का अधिकार एस डी एम को है।

## मास्क लगाकर चिनहट सीएचसी पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, गंदगी देख भड़के

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ने नोटिस व सफाई एजेंसी का एक हफ्ते का भुगतान काटने के दिए निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को मास्क लगाकर लखनऊ के चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचे। सफाई व्यवस्था, वार्डों की बदहाली और लापरवाही पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भड़क उठे। निरीक्षण के दौरान जनरल वार्ड में कई बेड पर चादर नहीं मिलीं और अस्पताल परिसर में गंदगी देख उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उपमुख्यमंत्री ने जिम्मेदारों को नोटिस देने और सफाई एजेंसी का एक सप्ताह का भुगतान काटने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि जब तक अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी, तब तक संबंधित अधिकारी घर नहीं जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज अचानक चिनहट सीएचसी पहुंच गए। मुंह पर मास्क लगाकर सबसे पहले पर्चा काउंटर पर मरीजों के बीच जाकर कतार में खड़े हो गए। इस दौरान उन्होंने मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वह पैथोलॉजी विभाग पहुंचे, जहां मरीजों की लंबी कतार लगी थी। उन्होंने टेक्नीशियन से पूछा कि एक मरीज का रक्त नमूना लेने में कितना समय लगता है? जवाब मिलने के बाद उन्होंने जांच प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को ज्यादा देर तक इंतजार न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे कक्ष के आसपास धूल-गर्दा दिखाई दिया। इस



पर उन्होंने तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां रखी अलमारी खोलकर स्टॉक भी जांचा। इसके बाद वह ओपीडी कक्ष नंबर पांच में पहुंचे और डॉक्टर से अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री जब जनरल वार्ड नंबर 28 पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर नाराज हो गए। वार्ड में कई बेड पर चादर नहीं बिछी थीं। साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं थी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालयों की स्थिति भी देखी, जो संतोषजनक नहीं मिली। इस पर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। हालांकि फायर एस्टिंग्यूसर सिलेंडर की एक्सपायरी डेट जांचने पर वह सही पाई गई।

उपमुख्यमंत्री जिस समय सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे उस समय केंद्र के सभागार में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। आशाओं ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि उनके मोबाइल फोन खराब हैं। इससे काम में दिक्कत हो रही है। इस पर उपमुख्यमंत्री ने तुरंत सीएमओ डॉ. एनबी सिंह को फोन लगाकर मोबाइल ठीक कराने या बदलने के निर्देश दिए। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं का बकाया भुगतान भी तत्काल कराने को कहा। उन्होंने सीएमओ को तत्काल सीएचसी पहुंचकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पीने के पानी की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। पानी की पाइप को जाली से बांधकर रखा गया था और आसपास गंदगी थी। इस पर उपमुख्यमंत्री ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

## केशव प्रसाद मौर्य ने 'जनता दर्शन' में सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' में विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को न्याय दिलाने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन के दौरान उपमुख्यमंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे पीड़ितों की समस्याओं का निराकरण किया। जनपद सम्भल निवासी शांति देवी पत्नी लक्ष्मण कुमार ने विधवा पेंशन दिलाने के लिए जिलाधिकारी से वार्ता कर निर्देश दिए। इसी प्रकार लखनऊ की कमला देवी ने आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा वाराणसी की सरिता सेठ पत्नी रामकुमार सेठ ने



कैंसर जैसे असाध्य रोग के उपचार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने की गुहार लगाई। इन प्रकरणों में कार्यवाही हेतु अधिकारी को आदेश दिए। फिरोजाबाद से आई संध्या पत्नी अमित कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर दिलाने का अनुरोध किया। उपमुख्यमंत्री ने जन शिकायतों के निस्तारण में विलंब पर कड़ा रुख अपनाते हुए मौके से संबंधित जिलों के उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता की। उन्होंने जिलाधिकारी बुलंदशहर, प्रतापगढ़, शामली, अंबेडकर नगर, मिर्जापुर, गाजियाबाद, अयोध्या और फर्रुखाबाद को निर्देशित किया कि वे लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में उन्होंने पुलिस अधीक्षक संभल, रायबरेली, बदायूं, ललितपुर और चित्रकूट को निष्पक्ष जांच कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी सुनिश्चित करें कि गरीब और असहाय लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षामंत्री से मिला राज्य कर्मचारियों का शिष्टमंडल, बताई समस्याएं

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश बीएनएस के शिष्टमंडल ने अध्यक्ष आरके वर्मा एवं महामंत्री आरके निगम के नेतृत्व में देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर प्रदेश के कर्मचारियों शिक्षकों की मांगों व समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। रक्षा मंत्री से मुख्य रूप से शिक्षकों की टीईटी के बारे में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न समस्या, मृतक आश्रित नियमावली-1774 में किये गये अनावश्यक संशोधन, उर्दू बीटीसी 2004-05 बैच सहित अन्य शिक्षकों व मृतक आश्रित शिक्षकों शिक्षणेत्तर कर्मियों को जिनकी विज्ञप्ति-प्रशिक्षण-रिक्तियां नियुक्ति आदि अप्रैल 2005 के पहले हुई थी परंतु नियुक्ति अप्रैल 2005 के बाद हुई,को केंद्र सरकार की भांति ओपीएस का लाभ दिए जाने, संविदा मानदेय आदि के कर्मचारियों के समायोजन नियमितीकरण, ओपीएस एवं समाप्त किए गए भत्तों की बहाली, कोविड काल में रोके गए डीए एरियर के भुगतान, केंद्र सरकार की राजाज्ञा 4 जूलाई 2024 के अनुसार मकान किराया भत्ता दिये जाने पर चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि वह मुख्यमंत्री से बातकर निराकरण करायेंगे। शिष्टमंडल ने शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि मामले में उनके द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह के रूप में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा भेंट की।शिष्टमंडल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के उपाध्यक्ष एवं दक्षिणांचल के अंचल प्रभारी प्रभात कुमार, आश्रित कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री ओंकार सिंह, मीडिया प्रभारी अनुराग पांडेय व प्रदेश प्रवक्ता अजीत सिंह शामिल रहे।

### डेटिंग ऐप से मिलने बुलाकर लूट करने वाले 5 गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की अलीगंज पुलिस ने डेटिंग ऐप से दोस्ती कर मिलने के बहाने बुलाकर लूट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गैंग बनाकर इस तरह की घटना को अंजाम देते थे। एडीसीपी नॉर्थ ऋषभ रुणवाल ने बताया मुखबिर की सूचना पर सेक्टर-ई कूड़ाघर अलीगंज के पास से सोमवार सुबह करीब 6 बजे पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान शक्तिनगर इंदिरा नगर निवासी खालिद अहमद (23), सर्वोदय नगर गाजीपुर निवासी देवकरण सिंह (23), अलीगंज निवासी आकाश पांडे (21), पूर्वांचल नगर सर्वोदय नगर निवासी सुभाष रावत (21) के रूप में हुई। गैंग में एक नाबालिग भी शामिल है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग ऑनलाइन डेटिंग ऐप ग्राइंडर के माध्यम से लोगों से संपर्क करते थे। गिरोह का एक सदस्य पहले पीड़ित के घर या कमरे में जाता था। उसके कुछ ही देर बाद गिरोह के अन्य सदस्य फोन के जरिए मैसेज रिसीव कर कमरे का दरवाजा खुलवाकर अंदर घुस जाते थे। इसके बाद गिरोह के सदस्य पीड़ित का वीडियो बनाते हुए उसे डरा-धमकाकर कहते थे कि वह नाबालिग के साथ आपत्तिजनक कृत्य करने का प्रयास कर रहा है। यदि उसने पैसे नहीं दिए तो वीडियो वायरल कर दिया जाएगा तथा पुलिस में शिकायत कर उसे जेल भिजवा दिया जाएगा। इस प्रकार गिरोह पीड़ित से नकदी, मोवाइल व अन्य कीमती सामान लूटने के साथ-साथ क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन धनराशि भी ट्रांसफर करा लेता था। अभियुक्तों ने बताया कि 8 फरवरी को अलीगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवक को इसी तरह से फंसाकर पैसे ऐंठे थे। लगभग दो सप्ताह पूर्व एक अन्य व्यक्ति के साथ भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम दिया था। जहां से उन्होंने नकदी, हार्ड डिस्क व अन्य सामान लूटने के साथ खाते से ऑनलाइन धनराशि ट्रांसफर कराई थी।

### ट्रेन में चढ़ते समय फिसला महिला का पैर, शरीर दो हिस्सों में बंटा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्टेशन पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 45 वर्षीय महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान कुसुम चौहान (45) पत्नी सुरेश कुमार के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार कुसुम अपने बीमार रिश्तेदार को देखने के लिए बलरामपुर से लखनऊ आई थी। बताया जा रहा है कि कुसुम की बेटी महक की सास लारी हॉस्पिटल में भर्ती थीं। जिन्हें देखने के लिए वो लखनऊ आई थी।

## संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले 18 को पहुंचेंगे लखनऊ, 19 को अयोध्या के कार्यक्रम में होंगे शामिल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले चैत्र नवरात्र से पहले 18 मार्च को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ आएंगे। सरकार्यवाह होसबाले 19 मार्च को राम मंदिर अयोध्या में आयोजित होने वाले वर्ष प्रतिपदा महोत्सव में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। संघ की प्रतिनिधि सभा 2026 संपन्न होने के बाद सरकार्यवाह का यह पहला उत्तर प्रदेश दौरा होगा। प्रतिनिधि सभा के पहले सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत उत्तर प्रदेश के दौरे पर आये थे। उक्त जानकारी देते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ



क्षेत्र के व्यवस्थाधिकारी गोपाल ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि इस महोत्सव में राष्ट्रपति श्रीराम मंदिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में श्रीराम यंत्र की भी स्थापना करेंगी। उन्होंने बताया वर्ष प्रतिपदा महोत्सव में सात हजार लोगों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित लोगों को 18 अप्रैल को अयोध्या पहुंचने के लिए कहा गया है। सभी लोगों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से की गयी है। 19 मार्च से ही नवरात्र शुरू हो रही है, इसलिए कार्यक्रम स्थल पर उपवास का फलाहार व पेयजल की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों को रामलला के दर्शन कराये जायेंगे।

## सब्सिडी से नीरज की बदली तकदीर, जरबेरा की खेती से लाखों की कमाई

- राष्ट्रीय बागवानी मिशन की मदद से बाराबंकी के नीरज पटेल बने आत्मनिर्भर
- 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ सरकार दे रही प्रोत्साहन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। योगी सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है जिससे वे अच्छा लाभ कमा रहे हैं। इन योजनाओं के सहयोग से किसान अब आधुनिक और उच्च लाभ वाली खेती की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी है बाराबंकी जिले के युवा किसान नीरज पटेल की, जिन्होंने फूलों की खेती के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की





है। उन्हें उत्तर प्रदेश की 'राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना' के अंतर्गत लाभ मिला। नीरज पटेल ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद खेती को ही अपना भविष्य बनाने का निर्णय लिया। वैसे उनके घर में पारंपरिक खेती ही की जाती है। लेकिन उन्होंने कुछ अलग करने का सोचा और एक दिन वह उद्यान विभाग के एक कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उन्हें जरबेरा फूलों की खेती के बारे में जानकारी मिली। यह जानकारी उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बन गई। उन्होंने आधुनिक तकनीक के साथ जरबेरा की खेती शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही 'राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना' का लाभ उठाया। उन्हें इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 में 29 लाख 50 हजार का ऋण मिला और कुछ महीने बाद उन्हें 50 प्रतिशत की सब्सिडी भी मिली। सरकार की महत्वाकांक्षी 'नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन' और संरक्षित खेती के तहत पॉलीहाउस तकनीक से फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी योजना के अंतर्गत नीरज पटेल ने अपने एक एकड़ खेत में पॉलीहाउस स्थापित किया। पॉलीहाउस लगाने में लगभग 70 से 75 लाख रुपये की लागत आई। सरकार की योजना के अंतर्गत उन्हें ऋण और अनुदान मिला जिससे यह खेती करना उनके लिए काफी आसान हो गया। आज नीरज के पॉलीहाउस में करीब 25 हजार जरबेरा पौधे लगे हुए हैं। यह पौधे रोजाना उत्पादन देते हैं और एक बार लगाए जाने के बाद लगभग छह साल तक लगातार उत्पादन देते हैं। अभी नीरज ने 5 अन्य लोगों को रोजगार दिया है, जिससे आसपास के ग्रामीणों को भी आय का नया स्रोत मिला है। आधुनिक ड्रिप सिंचाई प्रणाली के जरिए पौधों को बूंद-बूंद पानी दिया जाता है। इससे पानी की बचत होती है और उत्पादन की गुणवत्ता भी बेहतर रहती है। यह तकनीक इजरायली पद्धति पर आधारित है, जो खेती को अधिक लाभकारी बनाती है। जरबेरा के फूलों की बाजार में काफी मांग है। शादी-समारोह, सजावट और विभिन्न आयोजनों में इन फूलों का उपयोग बड़े पैमाने पर होता है। इसी कारण नीरज पटेल को अपने फूलों की बिक्री में भी कोई कठिनाई नहीं आती। उन्होंने बताया कि साल भर में सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें लगभग 8 से 10 लाख रुपये की बचत हो जाती है। नीरज की यह पहल केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं है, वह अन्य किसानों को भी पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर फूलों की आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## ग्रामीण प्रत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का स्तम्भ: देवी प्रसाद गुप्ता

लखनऊ। राजधानी के बिजनौर के नूरपुर में प्रान्तीय पत्रकार सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये पत्रकारों ने भाग लिया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों के सामने आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही अपने संगठन व पत्रकार एकता को मजबूत बनाने की बात पर बल दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, लखनऊ के जिला अध्यक्ष तथा वारिष्ठ पत्रकार आर0 एल0 पाण्डेय को विशेष रूप सो सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता तथा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नाथ सिंह ने पत्रकार पाण्डेय को माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण प्रत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का महत्वपूर्ण स्तम्भ है। ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने वाले वाले पत्रकार समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य करते है।

## डिजिटल कृषि की ओर तेजी से बढ़ रहा उत्तर प्रदेश, क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री में बड़ा विस्तार

- –किसानों के हित में बड़ा कदम, यूपी में तेजी से आगे बढ़ रहा 'फार्मर रजिस्ट्री' अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में योगी सरकार लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री अभियान के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और कृषि व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

खरीफ और रबी दोनों सीजन में डिजिटल क्रॉप सर्वे को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। इसके तहत प्रदेश के राजस्व गांवों में बड़ी संख्या में खेतों और फसलों का डिजिटल सर्वे किया जा रहा है, जिससे फसल से संबंधित



सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। इसके अलावा किसानों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। प्रदेश में कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का जियो रेफरेंसिंग कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। इसके आधार पर खरीफ और रबी दोनों सीजन में लाखों खेतों का डिजिटल सर्वे किया गया है। खरीफ सीजन में 5,37,08,511 से अधिक प्लॉट का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया है, जबकि रबी सीजन में भी 5,56,44,677 से अधिक प्लॉट का सर्वे पूरा किया जा चुका है। किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान को भी मिशन मोड में चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, प्रदेश में पीएम किसान योजना के लाभार्थियों की संख्या लगभग 2,88,70,495 है। सत्यापन अभियान के बाद 2,31,36,350 से अधिक किसानों का डेटा उपलब्ध हुआ है। इनमें से अब तक 1, 67,01,996 से अधिक पीएम किसान सम्मान योजना के लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री में शामिल हो चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का लगभग 72.19 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त करीब 28, 37,162 वे किसान भी फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किए गए हैं जो पीएम किसान सम्मान योजना में शामिल नहीं हैं। कृषि निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का मानना है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा, जिससे फसल बीमा, कृषि अनुदान, आपदा राहत और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सही किसान तक पहुंचाने में आसानी होगी। इससे कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता भी बढ़ेगी और योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आएगी। योगी सरकार के कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देने से उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होता जा रहा है। आने वाले समय में इन पहल के माध्यम से किसानों को योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी तरीके से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कांग्रेसियों ने नाले में पाइप लगाकर सिलेंडर से जोड़ा, चाय बनाई

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कंाग्रेसियों ने नाले में पाइप लगाकर सिलेंडर से जोड़ा। फिर इससे चाय बनाकर पी। बताया कि पीएम मोदी के फॉर्मूले पर ऐसा किया। यह फॉर्मूला फ़ेल रहा। पूरा नाला सूख गया लेकिन गैस एक सिलेंडर भी नहीं भर पाई। यह प्रदर्शन कंाग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के सदस्यों ने कंाग्रेस मुख्यालय पर किया। मुख्यालय के बाहर चाय की दुकान लगाई। दावा किया कि यह चाय एलपीजी की कमी के चलते नाले के गैस से बनाई गई है। एनएसयूआई के सदस्य अखिलेश यादव ने कहा मौजूदा समय में देशभर में गैस की भारी किल्लत है। इस समस्या को लेकर हम बेहद चिंतित थे। हम लोग इस गैस के संकट को खत्म करना चाहते थे, तभी हमने कभी साइंटिस्ट रहे अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भाषण सुना। वह बता रहे थे कि लोग किस प्रकार नाले से गैस बना सकते हैं। पीएम ने जो फार्मूला दिया था नाले से गैस बनाने का उसी को हमने अप्लाई करके नाले की गैस पर चाय बनाने की कोशिश की।

## एआई युग बढ़ा रहा है शासन की जिम्मेदारियां : प्रो मनोज दीक्षित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग की अटल सुशासन पीठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं सुशासन के नए आयाम विषयक संगोष्ठी का शुभारंभ सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति प्रो मनोज दीक्षित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने की। मुख्य वक्ता प्रो चारु मल्होत्रा, विशिष्ट अतिथि प्रो मनुका खन्ना,पूर्व कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय एवं अनुराग यादव आई ए एस प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो नंदलाल भारती विभागाध्यक्ष लोक प्रशासन विभाग के नेतृत्व में किया



गया। मुख्य अतिथि प्रो मनोज दीक्षित ने मानव सभ्यता और तकनीक के गहरे संबंधों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस बात को रेखांकित किया कि ए आई के प्रयोग में मुख्य प्रश्न क्या हैं और उनके उत्तर किस प्रकार से ढूंढने होंगे। प्रो दीक्षित ने इस बात पर बल दिया कि किस प्रकार से शासन-प्रशासन को ए आई से एक कदम आगे रहना होगा। साथ ही उन्होंने आपदा प्रबंधन में ए आई के प्रभावी प्रयोग की आवश्यकता के बारे में बताते हुए भारत में ही इन तकनीकों और देशी मॉडल को विकसित करने की बात कही। मुख्य वक्ता भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, दिल्ली की प्रो चारु मल्होत्रा ने ए आई की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने ए आई के क्रियान्वयन में नीतिगत पक्षों पर चर्चा करते हुए ए आई को अधिक संवेदनशील बनाने की प्रक्रिया पर बात की। उन्होंने सहज ढंग से ए आई के तकनीकी और संवेदनशीलता के पक्षों को जोड़कर समझाते हुए भारतीय दृष्टिकोण से भी ए आई की भूमिका को स्पष्ट किया। अनुराग यादव आईएएस ने ए आई को प्रशासनिक आयामों से जोड़ते हुए बताया कि किस प्रकार से ए आई को शासन में प्रभावी ढंग से लागू करके सुशासन की अवधारणा को साकार किया जा सकता है। उन्होंने इस विषय पर भी चर्चा की गई कि स्टार्टअप और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में ए आई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रो मनुका खन्ना ने ए आई के अमानवीय पक्षों पर अपने विचार रखते हुए इसके संभावित खतरों से आगाह किया। उन्होंने ए आई को सही और गलत के चश्मे से देखते हुए ही इसका उपयोग करने की बात कही। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो जय प्रकाश सैनी द्वारा ए आई के प्रयोग में मानव की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला एवं ए आई के नकारात्मक पक्षों से बचने पर बल दिया। उनके द्वारा सुशासन में ए आई के संवेदना संबंधी पक्षों पर आलोचनात्मक विचार दिए गए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी द्वारा ए आई के प्रयोग में मानव की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला एवं ए आई के नकारात्मक पक्षों से बचने पर बल दिया। उनके द्वारा सुशासन में ए आई के संवेदना संबंधी पक्षों पर आलोचनात्मक विचार दिए गए। साथ ही प्रो सैनी ने ए आई के माध्यम से सुशासन सुनिश्चित करने में शोधार्थियों द्वारा निभाई जा सकने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। धन्यवाद ज्ञापन विभाग की आचार्या प्रो वैशाली सक्सेना द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रो उत्कर्ष मिश्र, सहायक आचार्य, एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा ने किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात 3 तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया। इन सत्रों में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से यथा डॉ अभिनव शर्मा, डॉ प्रीति चौधरी समेत आए शोधार्थियों द्वारा 40 से अधिक शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ एस एस चौहान, डॉ नंदिता कौशल, डॉ अविनाश कुमार, डॉ जितेंद्र शुक्ल, ऋचा यादव, एकांश अवस्थी, फैसल अंसारी, कौशांबी, अमित कुमार, गजेंद्र कुमार, अणिमा शुक्ला, राजेश कुमार, विनोद कुमार, पयोध कंात सहित 120 से अधिक विद्यार्थी, शोधार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का समापन 17 मार्च को होगा।

## येज़दी रोडस्टर ने बाइक डिज़ाइन ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स की बोर्न आउट ऑफ लाइन येज़दी रोडस्टर ने कार एंड बाइक से बाइक डिज़ाइन ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता है जिससे इस मोटरसाइकिल को मिलने वाले सम्मानों की सूची में एक और बड़ा सम्मान जुड़ गया है। इससे पहले इस वर्ष रोडस्टर को ज़ी मीडिया ऑटो अवार्ड्स में बेस्ट 350सीसी मोटरसाइकिल भी चुना गया था। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने यह पुरस्कार प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल डिज़ाइनर, स्ट्रेट स्कूल ऑफ डिज़ाइन इंडिया के डीन थॉमस डाल से प्राप्त किया। यह सम्मान रोडस्टर की उस साहसी व्याख्या को मान्यता देता है जिसमें क्लासिक रोडस्टर को 'बोर्न आउट ऑफ लाइन' डिज़ाइन के साथ नए रूप में पेश किया गया है। यह डिज़ाइन मजबूत सिल्हूट, मस्कुलर अनुपात और मॉड्यूलर बहुमुखीपन पर आधारित है। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने कहा कार एंड बाइक से मिलने वाली पहचान का खास महत्व है, खासकर जब बात डिज़ाइन की हो। येज़दी रोडस्टर को क्लासिक अनुपातों को नए तरीके से सोचकर बनाया गया है, जबकि येज़दी के विद्रोही स्वभाव को बरकरार रखा गया है। यह वही सोच है जिसने 1970 के दशक से इस ब्रांड की पहचान बनाई है। भारत में जन्मी एकमात्र क्लासिक मोटरसाइकिल ब्रांड के रूप में येज़दी हमेशा परंपरा को चुनौती देती रही है। रोडस्टर उसी भावना को दर्शाती है। इसका डिज़ाइन आधुनिक स्टेल्थ शैडो ब्लैक से लेकर रेट्रो रेड वुल्फ तक आसानी से बदल सकता है। यही बहुमुखीपन हम हासिल करना चाहते थे।

# भरखनी में ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित, विधायक रानू ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना




राष्ट्रीय प्रस्तावना

**सवायजपुर ( हरदोई )।** विकास खण्ड भरखनी मुख्यालय पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में सवायजपुर क्षेत्र के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न परिषदीय विद्यालयों से आए नन्हे.मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक एवं शैक्षिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को देखकर विधायक रानू ने उनकी सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षक गणों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। परिषदीय विद्यालयों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और आज सरकारी स्कूल




आधुनिक सुविधाओं तथा गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ नई पहचान बना रहे हैं।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी खण्ड विकास अधिकारी अशोक द्विवेदीए खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार सिंह, मण्डल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी, रोहित सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह चौहान सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक एवं सम्मानित क्षेत्रीय बंधु उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण किए प्रदान



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से लखनऊ मे आयोजित भव्य कार्यक्रम के माध्यम से 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खाते में प्रथम किस्त के रुप में रूपये 900 करोड़ की धनराशि हस्तांतरित की गई। इसी क्रम मे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सभागार नगर पालिका हरदोई मे आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम मे अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा, विधायक प्रभाष कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन व् अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुखसागर मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व् शुभकामनाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी, एसडीएम भूमिका यादव व् मंच संचालक मनीष मिश्रा सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरपालपुर ( हरदोई )।** कस्बा स्थित आरण्केण् पाण्डेय गेस्ट हाउस में सोमवार को एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक रानू ने उपस्थित ग्राम प्रधानों, अभिभावकों और शिक्षकों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की कायाकल्प और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। विधायक ने जोर देकर कहा कि जब शिक्षक, अभिभावक और जन प्रतिनिधि एक साथ मिलकर प्रयास करेंगे, तभी ग्रामीण अंचल के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ग्राम प्रधानों को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि डॉ० रजनीश कुमार त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयभान सिंह, मुन्नूलाल अग्निहोत्री, राकेश मिश्रा, शिक्षक अनुराग पांडेय, वीरपाल कठेरिया, विनोद अग्निहोत्री, विनय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## माउंट केन्या फतह करने वाले प्रथम भारतीय बने पर्वतारोही अभिनीत मौर्य



सम्मानित होते अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य

■ स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों में भरा जोश

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित जूनियर वर्ग की जिला स्तरीय वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विकासखंड कछौना के मूल निवासी अभिनीत की मौजूदगी ने न केवल प्रतियोगिता का उत्साह बढ़ाया, बल्कि युवाओं को जीवन में बड़े लक्ष्य साधने की प्रेरणा भी दी। अभिनीत मौर्य ने हाल ही में अफ्रीका महाद्वीप की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या (5,199 मीटर) पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराकर इतिहास रचा है। वे इस चोटी पर पहुंचने वाले प्रथम भारतीय पर्वतारोही बने हैं। अपनी इस साहसिक यात्रा के दौरान उन्होंने चोटी पर 510 फीट लंबा तिरंगा फहराकर एक नया विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया है। इससे पहले उन्होंने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर 18,510 फीट की ऊंचाई पर भी तिरंगा लहराया था। वहां उन्होंने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर 77 फीट लंबा झंडा फहराकर सुर्खियां बटोरी थीं। उनकी इन असाधारण उपलब्धियों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें लखनऊ में राज्य स्तरीय 'स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड' से सम्मानित कियाए जिसमें उन्हें 50 हजार रुपये की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अभिनीत केवल पर्वतारोही ही नहीं, बल्कि एक पर्यावरण प्रेमी भी हैं। उन्होंने माउंट केन्या के शिखर से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने और प्रकृति संरक्षण का संदेश पूरी दुनिया को दिया। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान, जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा ने अभिनीत के संघर्षों की सराहना की। अभिनीत ने खिलाड़ियों से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि माउंट केन्या की चढ़ाई के दौरान उन्हें भारी बर्फबारी और जमा देने वाली ठंड का सामना करना पड़ा था, जहां उंगलियां तक जम गई थीं, लेकिन देश के सम्मान की खातिर उन्होंने कदम पीछे नहीं हटाए। उन्होंने युवाओं से कहा कि खेल और जीवन, दोनों ही क्षेत्रों में अनुशासन और साहस ही जीत की असली कुंजी हैं। खेल केवल मनोरंजन नहींए बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास की पाठशाला हैं। जिस तरह पहाड़ों की चोटियां धैर्य मांगती हैं, वैसे ही खेल का मैदान भी कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण मांगता है। वहीं जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा ने अभिनीत मौर्य को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धियों को जिले के लिए गौरव बताया। उन्होंने कहा कि अभिनीत की सफलता हरदोई के युवाओं के लिए एक मिसाल है। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिका खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक और सैकड़ों खिलाड़ी मौजूद रहे।

## लखनऊ निदेशालय द्वारा खेल प्रतियोगिता संपन्न

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर जिला खेल कार्यक्रम हुआ संपन्न संघ एवं अन्य खेल संघो के सहयोग से 8 खेल विधाओं की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 17 मार्च सुबह 10 बजे से 19 मार्च तक सुदामा प्रसाद विद्यास्थली हतोड़ा में सम्पन्न होगा जिला कीड़ा अधिकारी एसपी वमनिया द्वारा जारी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव नरेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि 17 मार्च को जुडो एवम एथलीट 18 मार्च को बॉलीबॉलए सापक टापराए कब्बडी 19 मार्च को बास्केटबॉलए हैंडबॉलए एवम हॉकी का आयोजन होगा यह प्रतियोगिता सुदामा प्रसाद वनस्थली में सुबह 10 बजे से आयोजित होंगी जिसमे जूनियर वर्ग के बालक बालिका जिनकी आयु 18 वर्ष से कम हो एथलीट के लिए आयु 20 वर्ष से कम होना आवश्यक है विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा पुरुस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा महासचिव नरेंद्र त्यागी ने आगे कहा कि यह खिलाड़ियों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के सुनहरा अवसर है अधिक से अधिक खिलाड़ियों एवम विधालयो को इसमे प्रतिभाग करना चाहिए विनय गुप्ता ने कहा जिला ओलम्पिक संघ पूर्ण सहयोग करेगा

## बंद मकान का ताला तोड़ जेवर नगदी व बर्तन उठा ले गए अज्ञात चोर

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बंद मकान का ताला तोड़कर दो



घरों में रखा ज़ेवर पीतल बर्तन व 40 हजार की नगदी अज्ञात चोर उठा ले गए। सुचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जाँच की। थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़ियापुर मजरा शुक्लापुर भगत निवासी अच्छे पुत्र विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि प्रार्थी घर पर अकेला होने के कारण रविवार की शाम गांव के अंदर अपने चचेरे भाई के घर सोने चला गया रात में अज्ञात चोरों ने उसके मकान में लगे कुंडे का ताले को तोड़कर घर में रखा सोने व चांदी के जेवरए पीतल बर्तन चोरी हो गयाण् उसके पड़ोस में चचेरे भाई अमरिंदर कुमार के मकान में लगे तालों को भी चोरों ने तोड़ दिया उसके घर में रखे जेवर व पीतल के बर्तन के तथा रूपये 40000 नगद उठा ले गए।

## रात के अंधेरे में चोरों ने साधा निशानाए लाखों का जनरेटर चोरी

**कछौना( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बीती रात लखनऊ रोड पर एक निर्माणाधीन मकान से चोरों ने अँधेरे व सुनसान का फायदा उठाते हुए जनरेटर चोरी कर लिया! जिसकी लिखित सूचना थाने में दी है! प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बीते रविवार की रात लखनऊ हरदोई मुख्य मार्ग के किनारे सुजानपुर मोड़ के पास प्रदीप गुप्ता पुत्र राजबहादुर गुप्ता निवासी कुंदन ट्रेडर्स निकट कामीपुर मोड़ अपने मकान का निर्माण करवा रहे थे ! जिसके निर्माण में बिजली की आपूर्ति के लिए उन्होंने लाखों रुपए का जनरेटर अभी कुछ माह पूर्व ही खरीदा था! काम बंद होने के बाद रविवार की रात लगभग ०8:45 पर वह अपने घर चले गए! इसके बाद अगले दिन सोमवार को सुबह लगभग 9:00 बजे अपने निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे तो मकान का मुख्य दरवाजा खुला पाया जिसे देख उनके होश उड़ गए! अंदर जाने पर रखा लाखों रुपये का जनरेटर गायब मिला! मौके से छोटे लोडर वाहन के टायर के निशान भी मिले हैं! उन्होंने आसपास जनरेटर की तलाश की लेकिन कोई सुराग न मिला! जिसके बाद उन्होंने मामले की लिखित सूचना कोतवाली कछौना को दे दी है! पुलिस मामले की जांच में जुटी है!

## बारात से लौट रहे बाइक सवार डमफर में घुसे, एक की सीएचसी पर मौत, एक लखनऊ रिफर

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बारात से लौट रहे बाइक सवारों की बाइक डंफर में घुस गई। जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक की सीएचसी में मौत हो गई। दूसरे को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। ग्राम धमाही मजरा पहुतेरा थाना माधौगंज के रवि पुत्र नंदराम की बारात ग्राम लबानी मजरा रणधीर खेड़ा थाना फतेहपुर 84 को गई थी। बरात में उसका चचेरा भाई अजय (27) पुत्र मथुरा प्रसाद व गांव निवासी दोस्त नीरज (25) पुत्र ओम प्रकाश भी गए थे। सोमवार की दोपहर को भारत वापसी में अजय और नीरज बाइक से घर वापस लौट रहे थे। बाइक को अजय चला रहा था। कटरा बिल्हौर हाइवे पर सुल्तानपुर की पुलिया पर हरदोई की ओर से उन्नाव की ओर जा रहे डंफ्र में बाइक सवार घुस गए। जिससे हादसे मे अजय और नीरज गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को सीएचसी पर भर्ती कराया जहां पर चिकित्सक डॉ० दिव्यांशु चंद्र बाजपेयी ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। अजय की हालत गम्भीर देखते हुए उसको मेडिकल कॉलेज हरदोई के लिए रेफर कर दिया। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा गया है।

## छेड़छाड़ के आरोपित पर रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोथावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज में मनचले द्वारा छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को



गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय छात्रा के चाचा ने कोतवाली बेनीगंज में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि मेरी भतीजी रोज की भांति शनिवार की शाम लगभग 04 बजे बेनीगंज से कोचिंग पढ़कर साइकिल से गांव की ओर आ रही थी तो वही रास्ते में सरदार बलबीर सिंह झाले के नजदीक गुजरेहटा मार्ग पर बैरागी खेड़ा मजरा मझिगवां निवासी पुष्पेंद्र उर्फ गोलू पुत्र संजय रैदास ने गलत नियत से उसे रोकने का प्रयास किया न रुकने पर पुष्पेंद्र ने उसे सड़क पर गिरा दिया और छेड़छाड़ करने लगा नाकाम होने पर उसने छात्रा को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। घर पहुंची पीड़िता ने अपने चाचा को आपबीती सुनाई। सूचना पर पहुंचे नवागत इंस्पेक्टर मार्कण्डेय सिंह ने आरोपित की तत्काल गिरफ्तारी कर मामले की जांच शुरू की।

# विकास कार्यों में खर्च होने वाली धनराशि का भुगतान प्रधानों के खातों में मिला तो होगी कार्रवाईः डीपीआरओ



■ दरियापुर बलभद्र में विकास के धन पर उठे सवालए प्रधान के निजी खाते में भुगतान किया गया

■ नियमों की अनदेखी के आरोप, पूछने पर पंचायत सचिव ने ''छिटफुट खर्च'' की दी दलील दी

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** विकास खण्ड शाहाबाद की ग्राम पंचायत दरियापुर बलभद्र में विकास कार्यों के लिए प्राप्त सरकारी धन के उपयोग को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा और सवाल दोनों तेज हो गए हैं। उधर डीपीआरओ ने कहा है विकास कार्यों की धनराशि अगर प्रधान के खाते में पाई गई तो शत-प्रतिशत कार्रवाई की जाएगी। आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर प्राप्त धनराशि के भुगतान में निर्धारित नियमों की अनदेखी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा तय व्यवस्था के अनुसार पंचायत विकास कार्यों में खर्च होने वाली धनराशि का भुगतान सीधे मजदूरों, मिस्त्रियों अथवा संबंधित फर्मों के खातों में किया जाना चाहिए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और सार्वजनिक धन के उपयोग पर किसी प्रकार का संदेह न उत्पन्न हो। किंतु दरियापुर बलभद्र में यह चर्चा सामने आई है कि कुछ भुगतान ग्राम प्रधान बलराम सिंह यादव के निजी खाते में स्थानांतरित किए गए हैं। यदि यह तथ्य सही है, तो यह व्यवस्था की पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

### सफाई में क्या बोले सचिव ?

इस संबंध में जब ग्राम पंचायत सचिव सुबोध कुमार गुप्ता से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार ग्राम प्रधान के निजी खाते में धनराशि स्थानांतरित नहीं की जा सकती। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि कभी-कभी छोटे-मोटे या छिटपुट खर्चों की पूर्ति के लिए प्रधान के निजी खाते में धन दिया जाता है। सचिव के इस कथन के बाद पंचायत में धन के भुगतान की प्रक्रिया को लेकर और भी जिज्ञासा और सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा पंचायत में हुए खर्चों का स्पष्ट विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को किस गंभीरता से लेते हैं और पंचायत में विकास कार्यों के लिए आवंटित धन के उपयोग को लेकर उठे प्रश्नों का समाधान किस प्रकार किया जाता है।

### क्या बोले डीपीआरओ ?

इस संदर्भ मे जब डीपीआरओ विनय कुमार पुछा गया तो उन्होंने बताया कि प्रधान के निजी खाते में किसी मद मे भुगतान नही दिया जा सकता है। यदि कोई मामला संज्ञान मे आता है तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।**स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में एकादशी पर्व पर श्री खाटू श्याम निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ बस स्टैंड स्थित बाल्मिकी मंदिर से हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता निशान लेकर जयकारों के साथ निकले। निशान यात्रा बस स्टैंड, सिनेमा चौराहा, ब्लॉक चौराहा, तहसील, नवीन गल्ला



मंडी, अल्लाहपुर तिराहा, सरायं दरवाजा, दिलेरगंज,घंटाघर होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर चौक पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान जगह.जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता, समाजसेवी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में खाटू श्याम मंदिर चौक पर भगवान श्री खाटू श्याम के जयकारों के साथ आरती की गई और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई। आयोजन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यात्रा के मार्ग पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनिल लाहौरी, नवनीश गुप्ता, राजा बाल्मीकि, सोमपाल वर्मा, आशीष कुमार, पवन सक्सेना, मनीष कुमार, रवि मिश्रा समेत सैकड़ो की संख्या में महिलाएं निशान यात्रा में शामिल हुए।

## दबंगो ने अधिवक्ता के तख्त पर युवक के साथ की मारपीट

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** तहसील में सोमवार कों करीब 3 बजे अधिवक्ता के तख्त पर मारपीट के मामले में पैरवी करने आये युवक कों पुलिस की शय पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस कों दी है। पीड़ित सुदेश कुमार पुत्र राम चरन के अनुसार वह ग्राम तडेर की पारिवारिक परिचित प्रिन्सी पाल के साथ रविवार कों हुई मारपीट के मामले में उसके साथ तहसील में सोमवार दोपहर करीब तीन बजे वकील के तख्त पर बैठा था। तभी तडेर निवासी महात्मा रामनरेश अपने पुत्र पंचम पत्नी और बहू के साथ तख्त पर आया और गाली गलौज करते हुए उसने हमला कर दिया जिसमे उसके चोटे आई है। पीड़ित की लिखित तहरीर लेकर पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टर मिडियट की मार्कशीट रोल न0-2245591906 एवं हाई स्कूल मार्कशीट रोल नं0-0723999 वास्तव मे कहीं खो गयी है।

सृष्टि पुत्री गब्बू सिंह,
पता-ग्राम मानपुर पट्टी, पोस्ट-मुन्डा पाण्डे, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै अरविन्द गुप्ता पुत्र स्व0 रामचन्द्र गुप्ता, पताः- मो0 मीरा वस्त्रधाम छोटा चौराहा, थाना कोतवाली शहर, तहसील सदर, जिला-हरदोई का निवासी हूँ। मेरा पुत्र यश गुप्ता जोकि बुरी आदतो से लिप्त हो गया है और आए दिन लड़ाई-झगड़ा आदि करता रहता है व मुझे गाली गलौज करता तथा घर से भाग जाने की धमकी देता रहता है। मै अपने पुत्र यश गुप्ता के चाल-चलन व व्यवहार से तंग आकर अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। अब भविष्य में मेरे पुत्र यश गुप्ताद्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य, लेन-देन से मेरा व मेरे परिवारीजनों का कोई सरोकार नहीं होगा, वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सिरसा, विकास खण्ड-हरियावाँ, जनपद-हरदोई**

पत्रांकः-मेमो/ग्रा0पं0/2025-26 दिनाँकः-16.03.2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-सिरसा द्वारा मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यो को सम्पन्न कराने हेतु टिन धारक फर्मो से कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनाँक-17.03.2026 से 23.03.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण व शर्ते निम्नवत् है-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | क्रय की जाने वाली सामग्री | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्रा0पं0 सिरसा में सर्वेश पुत्र रामदयाल का कैटल शेड् निर्माण कार्य। | 152530.00 | ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, लोहा, टीन शेड् आदि | 3100.00 | 200.00 |
| 02 | ग्रा0पं0 सिरसा में परमाई पुत्र बलराम का कैटल शेड् निर्माण कार्य। | 152530.00 | ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, लोहा, टीन शेड् आदि | 3100.00 | 200.00 |
| 03 | ग्रा0पं0 सिरसा में रामऔतार पुत्र गिरधारी का कैटल शेड् निर्माण कार्य। | 152530.00 | ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, लोहा, टीन शेड् आदि | 3100.00 | 200.00 |
| 04 | ग्रा0पं0 सिरसा में राजीव पुत्र मोतीलाल का कैटल शेड् निर्माण कार्य। | 152530.00 | ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, लोहा, टीन शेड् आदि | 3100.00 | 200.00 |
| 05 | ग्रा0पं0 सिरसा में विक्रम पुत्र कंचन का कैटल शेड् निर्माण कार्य। | 152530.00 | ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, लोहा, टीन शेड् आदि | 3100.00 | 200.00 |
| 06 | ग्रा0पं0 सिरसा में प्राथमिक विद्यालय सिरसा का बाउन्ड्रीवाल मरम्मत कार्य। | 132743.00 | ईंट प्रथम श्रेणी, पत्थर गिट्टी, लोहा, सीमेन्ट मौरंग, बालू आदि | 2700.00 | 200.00 |

नियम व शर्तेः-

01. वर्णित कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति के सापेक्ष 2 प्रतिशत निविदा पत्र के साथ धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत-सिरसा के पक्ष में एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में बन्धक की जानी होगी। आपूर्ति सामग्री के सापेक्ष बिल भुगतान पर 10 प्रतिशत धनराशि की कटौती की जायेगी।
02. निविदा प्रपत्र दिनाँक- 17.03.2026 से 23.03.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत-सिरसा से नकद रूपये जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
03. समस्त निविदायें दिनाँक-17.03.2026 से 23.03.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत-सिरसा में रखे निविदा बाक्स में 02:00 बजे तक डाली जा सकेंगी। तदोपरान्त प्रधान ग्राम पंचायत-सिरसा की अध्यक्षता में कार्यालय द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनाँक-23.03.2026 को खोली जायेंगी।
04. वर्णित कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर पंजीकृत फर्मो से ही निविदा आमंत्रित की जाती है।
05. अपूर्ण/अधूरी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
06. समस्त आपूर्ति की गई सामग्री के बिलों के भुगतान पर निर्धारित दर से करो की कटौती की जायेगी।
07. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार गठित निविदा समिति को होगा।

(सर्वेश कुमार)
प्रधान
ग्राम पंचायत-सिरसा,
विकास खण्ड-हरियावाँ, हरदोई।

(मसूद जफर खाँ)
ग्राम पंचायत अधिकारी,
ग्राम पंचायत-सिरसा,
विकास खण्ड-हरियावाँ, हरदोई।

## अनिद्रा की महामारी

भारतीय जन-जीवन में तेजी से घर करती डिजिटल जीवन शैली ने युवाओं की नींद को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिसके चलते उनमें आक्रामकता, अवसाद व आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित हो रही है। देश-दुनिया में समय-समय पर आने वाले विभिन्न सर्वेक्षण इस संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लेकिन देश में किशोरों का स्क्रीन टाइम घातक ढंग से बढ़ रहा है। आमतौर पर चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि किशोरों की सेहत के लिये आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ आठ घंटे के बजाय सात-छह घंटे की नींद को भी पर्याप्त मानते हैं, बशर्ते उसमें बीच में किसी तरह का व्यवधान न हो। लेकिन बिना किसी जरूरी काम के कथित सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना आज के दौर में फैशन सा बन गया है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में हुए हालिया शोध बताते हैं कि रात में जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने से बेहतर स्वास्थ्य बनता है। यह भारतीय जीवन दर्शन की अपरिहार्य धारणा भी रही है। लेकिन देश में पहले टीवी और अब मोबाइल फोन के अनियंत्रित उपयोग ने युवाओं की रात की नींद उड़ा दी है। जिसके चलते युवा पूरे दिन उखड़े-उखड़े और अशांत रहते हैं। उनमें आक्रामकता बढ़ रही है। फिर वे अवसाद के शिकार हो जाते हैं। बाधित नींद की इस स्थिति में कालांतर मन में आत्महत्या जैसे नकारात्मक भाव उमड़ने लगते हैं। एक सर्वे बताता है कि देश में 73 फीसदी दसवीं के छात्र आठ घंटे से कम की नींद सोते हैं। कलकत्ता स्लीप सोसाइटी के विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनिया में 60 से 70 फीसदी किशोर पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं। दरअसल, आज छात्रों पर अभिभावकों व शिक्षकों का अनुशासन कम ही चलता है। मां-बाप के टोकने पर वे दलील देते हैं कि ऑन लाइन पढ़ाई चल रही है। कोरोना संकट ने देश-दुनिया में ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प तो दिया, लेकिन तमाम तरह की विसंगतियां व विकृतियां भी किशोरों के जीवन में भर दी हैं।

**देश-दुनिया में समय-समय पर आने वाले विभिन्न सर्वेक्षण इस संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लेकिन देश में किशोरों का स्क्रीन टाइम घातक ढंग से बढ़ रहा है। आमतौर पर चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि किशोरों की सेहत के लिये आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ आठ घंटे के बजाय सात-छह घंटे की नींद को भी पर्याप्त मानते हैं, बशर्ते उसमें बीच में किसी तरह का व्यवधान न हो। लेकिन बिना किसी जरूरी काम के कथित सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना आज के दौर में फैशन सा बन गया है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में हुए हालिया शोध बताते हैं कि रात में जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने से बेहतर स्वास्थ्य बनता है।**

एक चौंकाने वाला आंकड़ा बताता है कि देश में सत्तर करोड़ भारतीय छह घंटे की नींद नहीं ले पाते। वहीं 46 प्रतिशत भारतीय छह घंटे से कम की नींद ले पाते हैं। लेकिन सबसे बड़ा संकट युवाओं व किशोरों से जुड़ा है। वे देर रात तक ऑनलाइन गेमों से जुड़े रहते हैं। रात में जाने-अनजाने दोस्त उनके सहभागी बनते हैं। जो कालांतर एक नशे की लत का रूप ले लेता है। परिजनों की रोक-टोक उन्हें रास नहीं आती। कई घटनाओं में उनके आक्रामक व्यवहार के घातक परिणाम सामने आए हैं। यहां तक कि नजदीकी परिजनों की हत्या की घटनाएं भी हुई हैं। दरअसल, ऑनलाइन खेलों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे किशोरों के लिये नशा बन जाते हैं। रात का एकांत उन्हें रास आता है। जिसके चलते वे नींद की परवाह नहीं करते। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया व ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर तमाम वर्जित व अश्लील सामग्री की रात्रि में भरमार रहती है। जिसकी चपेट में छोटे-बड़े लोग आ रहे हैं। युवा देर रात का एकांत तलाशते हैं ताकि परिजनों की अनुपस्थिति में वे मनमानी कर सकें। वे देर रात तक ऑनलाइन रहने में अपनी शान समझते हैं। यह भूल जाते हैं कि वास्तव में, वे अपनी सेहत से किस हद तक खिलवाड़ कर रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे हैं अनिद्रा से उच्च रक्तचाप की समस्या पैदा हो रही है। जो कालांतर हाइपरटेंशन में बदल जाती है। दरअसल, शरीर की जैविक घड़ी के परिचालन में व्यवधान से शरीर नकारात्मक प्रतिक्रिया देता है। देर रात जागने और मोबाइल के नशे में किशोर असमय खाते-पीते हैं, जिससे उनमें मोटापे की समस्या भी घर कर रही है। यही वजह है कि अब किशोरों तक में डाइबिटीज की समस्या देखने में आ रही है। दरअसल, कुदरती सोने के समय का विकल्प देर रात या सुबह की नींद नहीं हो सकती है। यह संकट बड़ा है और अभिभावकों व शिक्षकों को किशोरों की देर रात जागने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये गंभीर प्रयास करने होंगे। अन्यथा देश को कालांतर अस्वस्थ युवा पीढ़ी का संत्रास झेलने को बाध्य होना पड़ेगा।

# लड़ाकू विमान अपग्रेड: भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम

रजनीश कपूर

**हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी वायु सेना को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी तकनीकों पर जोर दिया है। 'एमका' कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2026 तक, 'एमका' को 5.5वीं पीढ़ी और आगे छठी पीढ़ी के स्तर तक अपग्रेड करने की योजना ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना के तहत, नई स्टैल्थ तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के उपयोग पर जोर दिया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति को कैसे मजबूत करेगा और क्या यह अमरीका तथा चीन से मुकाबला करने में सक्षम होगा? 'एमका' कार्यक्रम की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) की एयरोनॉटिकल डिवैल्पमैंट एजैंसी (एडीए) ने 5वीं पीढ़ी के स्टैल्थ फाइटर जैट विकसित करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि 'एमका' एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीट विमान है, जिसका वजन लगभग 27 टन है और यह मैक 2.15 की गति से उड़ान भर सकता है। एम.के.1 संस्करण जी.ई. एफ-414 इंजन का उपयोग करेगा, जबकि एम.के.2 को 110-120 के.एन. थ्रस्ट वाले नए इंजन से लैस किया जाएगा, जो फ्रांस की साफरान या अन्य सांझेदारों के साथ सह-विकसित होगा। 2026 तक, 'एमका' एम.के.2 को 5.5वीं पीढ़ी का दर्ज़ा दिया जा रहा है, जिसमें छठी पीढ़ी की विशेषताएं जैसे ए.आई. संचालित इलैक्ट्रॉनिक पायलट और प्रेडिक्टिव मेंटेनैंस शामिल हैं।**

उन्नत माध्यमिक लड़ाकू विमान को 5.5वीं और छठी पीढ़ी में अपग्रेड करना भारत की रक्षा क्षमताओं में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी वायु सेना को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी तकनीकों पर जोर दिया है। 'एमका' कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2026 तक, 'एमका' को 5.5वीं पीढ़ी और आगे छठी पीढ़ी के स्तर तक अपग्रेड करने की योजना ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना के तहत, नई स्टैल्थ तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के उपयोग पर जोर दिया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति को कैसे मजबूत करेगा और क्या यह अमरीका तथा चीन से मुकाबला करने में सक्षम होगा? 'एमका' कार्यक्रम की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) की एयरोनॉटिकल डिवैल्पमैंट एजैंसी (एडीए) ने 5वीं पीढ़ी के स्टैल्थ फाइटर जैट विकसित करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि 'एमका' एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीट विमान है, जिसका वजन लगभग 27 टन है और यह मैक 2.15 की गति से उड़ान भर सकता है। एम.के.1 संस्करण जी.ई. एफ-414 इंजन का उपयोग करेगा, जबकि एम.के.2 को 110-120 के.एन. थ्रस्ट वाले नए इंजन से लैस किया जाएगा, जो फ्रांस की साफरान या अन्य सांझेदारों के साथ सह-विकसित होगा। 2026 तक, 'एमका' एम.के.2 को 5.5वीं पीढ़ी का दर्ज़ा दिया जा रहा है, जिसमें छठी पीढ़ी की विशेषताएं जैसे ए.आई. संचालित इलैक्ट्रॉनिक पायलट और प्रेडिक्टिव मेंटेनैंस शामिल हैं। इसका प्रोटोटाइप रोलआऊट 2028 के अंत तक और पहली उड़ान 2029 में होने की उम्मीद है, जबकि इंडक्शन 2035 तक हो सकता है। यह अपग्रेड भारत को अमरीका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जो 5वीं पीढ़ी के विमान संचालित करते हैं। जानकारों का मानना है कि 'एमका' में अपनाई जा रही नई स्टैल्थ तकनीक भारत की वायु रक्षा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करेगी। स्टैल्थ का मतलब है राडार से बचाव, जो विमान को दुश्मन की नजरों से छिपा कर रखता है। 'एमका' में डाइवर्टरलैस सुपरसोनिक इनलेट, सर्पेंटाइन एयर इनटेक डक्ट और उन्नत राडार-एब्जॉर्बेंट मैटीरियल्स का उपयोग किया जा रहा है। ये विशेषताएं राडार सिग्नेचर को न्यूनतम करती हैं, जिससे विमान दुश्मन के वायु रक्षा सिस्टम को भेद सकता है। यह तकनीक 'एमका' को चीनी जे-20 या अमरीकी एफ-35 जैसे विमानों से बेहतर छिपाव प्रदान करेगी। गौरतलब है कि 'एमका' में 'इलैक्ट्रॉनिक पायलट' नामक ए.आई.-सिस्टम होगा, जो पायलट के साथ सहयोगी की भूमिका निभाएगा। यह ए.आई. खतरे का पता लगाने, रूट ऑप्टिमाइजेशन, कॉम्बैट स्ट्रैटेजी और मिशन प्लानिंग में मदद करेगा। इसके अलावा, ए.आई.-आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनैंस से विमान की उपलब्धता दर 75 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो वर्तमान विमानों से कहीं अधिक है। सैंसर फ्यूजन और नैटवर्क-सैंट्रिक वारफ़ेयर सिस्टम 'एमका' को ड्रोन स्वार्म्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स के साथ एकीकृत करेगा। यह छठी पीढ़ी की दिशा में कदम है, जहां ए.आई. स्वायत्त निर्णय लेने में सक्षम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अपग्रेड भारत की वायु सेना को आधुनिक युद्धों में बढ़त देगा, जहां ए.आई. और स्टैल्थ निर्णायक कारक हैं। रक्षा विशेषज्ञ यह सवाल भी उठा रहे हैं कि इस अपग्रेड से भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति कैसे सुधरेगी? यह स्वदेशी तकनीक पर निर्भरता बढ़ाएगा, जो आयात पर निर्भरता कम करेगा। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन की कमी है और 'एमका' इस कमी को पूरा करेगा। स्टैल्थ और ए.आई. से लैस 'एमका' भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मजबूत डिटरैंस प्रदान करेगा। चीन के साथ सीमा विवादों में 'एमका' जे-20 का मुकाबला कर सकेगा, जो वर्तमान में भारत के लिए चुनौती है। पाकिस्तान के चीनी जे-10 या जे.एफ.-17 के खिलाफ भी यह श्रेष्ठ होगा। वैश्विक स्तर पर, 'एमका' भारत को क्वाड (भारत, अमरीका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों में मजबूत भागीदार बनाएगा। यह एशिया में पावर बैलेंस को भारत के पक्ष में झुका सकता है, क्योंकि यह चौथा देश होगा, जो स्वदेशी 5वीं पीढ़ी का विमान विकसित करेगा। उल्लेखनीय है कि अमरीका के एफ-22 और एफ-35 परिपक्व तकनीक वाले लड़ाकू विमान हैं, जिनमें दशकों का अनुभव है। 'एमका' की स्टैल्थ और ए.आई. विशेषताएं एफ-35 से तुलनीय हैं लेकिन उत्पादन और संचालन अनुभव की कमी एक कमजोरी है। हालांकि, 'एमका' की लागत कम होगी और यह भारत की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप होगा। वहीं चीन के जे-20 के खिलाफ 'एमका' की उन्नत स्टैल्थ और ए.आई. बढ़त दे सकती है, खासकर एल.ए.सी. पर, जहां जे-20 की संख्या अधिक है, लेकिन 'एमका' की ए.आई. एकीकरण से भारत गुणवत्ता में आगे निकल सकता है। दावा है कि छठी पीढ़ी की ओर अपग्रेड से 'एमका' अमरीका के 'नैक्स्ट जैनरेशन एयर डोमिनैंस' (छळ।व) या चीनी छठी पीढ़ी कार्यक्रमों से मुकाबला अवश्य कर सकेगा। लेकिन वहीं इस परियोजना में चुनौतियां भी हैं। जैसे कि इंजन विकास में देरी, फंडग की कमी और समयसीमा का पालन। इसलिए यदि 'एमका' को एक सफल परियोजना बनाना है तो सरकार को समय पर फंडिंग और अंतर्राष्ट्रीय सांझेदारियां सुनिश्चित करनी चाहिए।

# जिसने युद्ध शुरू किया, उसे ही इसे रोकना होगा

पी. चिदम्बरम

**युद्ध के पहले ही दिन, अयातुल्ला खामेनेई समेत उसके शीर्ष नेतृत्व की पहली कतार खत्म हो गई थी। ईरान ने जल्दबाजी में एक नया नेता चुना है और एक नया सैन्य नेतृत्व तैयार किया है लेकिन अमरीका-इसराईल गठबंधन ने ऐलान कर दिया है कि उन्हें भी खत्म कर दिया जाएगा। तेहरान, सनंदाज, इस्फहान और ईरान के दूसरे बड़े शहरों पर बमबारी की गई है और अब तक लगभग 1300 ईरानी मारे गए हैं और 10,000 से ज्यादा घायल हुए हैं। एक अमरीकी टॉमहॉक मिसाइल एक स्कूल पर गिरी, जिसमें 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए। उन्होंने आखिर क्या गुनाह किया था। ईरान की शासन-प्रणाली के स्वरूप को, जो कि काफी दमनकारी है, एक तरफ रख दें और लोगों पर ध्यान दें। इस तबाही के हकदार बनने के लिए उन्होंने आखिर क्या किया है?**

ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को अमरीका और इसराईल द्वारा शुरू किए गए इस बिना सोचे-समझे युद्ध के नतीजे दुनिया भर में और बहुत दूर तक जाने वाले हैं। 'ऑप्रेशन एपिक फ्यूरी' के दो हफ्तों में, ईरान तबाह तो हो गया है लेकिन हारा नहीं है। युद्ध के पहले ही दिन, अयातुल्ला खामेनेई समेत उसके शीर्ष नेतृत्व की पहली कतार खत्म हो गई थी। ईरान ने जल्दबाजी में एक नया नेता चुना है और एक नया सैन्य नेतृत्व तैयार किया है लेकिन अमरीका-इसराईल गठबंधन ने ऐलान कर दिया है कि उन्हें भी खत्म कर दिया जाएगा। तेहरान, सनंदाज, इस्फहान और ईरान के दूसरे बड़े शहरों पर बमबारी की गई है और अब तक लगभग 1300 ईरानी मारे गए हैं और 10,000 से ज्यादा घायल हुए हैं। एक अमरीकी टॉमहॉक मिसाइल एक स्कूल पर गिरी, जिसमें 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए। उन्होंने आखिर क्या गुनाह किया था। ईरान की शासन-प्रणाली के स्वरूप को, जो कि काफी दमनकारी है, एक तरफ रख दें और लोगों पर ध्यान दें। इस तबाही के हकदार बनने के लिए उन्होंने आखिर क्या किया है? इसराईल के उकसावे पर, अमरीका ने यह आरोप लगाया कि ईरान ने समृद्ध यूरेनियम का जखीरा जमा कर रखा है और परमाणु हथियार बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया है। स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को कतर की मदद से, अमरीका की तरफ से ईरान के साथ बातचीत करने के लिए भेजा गया था। युद्ध शुरू होने की आशंका को देखते हुए, ओमान के विदेश मंत्री तुरंत वाशिंगटन पहुंचे और अमरीका को यह भरोसा दिलाया कि ईरान 'समृद्ध यूरेनियम का जखीरा बिल्कुल न रखने' पर राजी हो गया है और उसने 'कभी भी परमाणु हथियार न रखने' की कसम खाई है। इस भरोसे को नजरअंदाज करते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने अचानक बातचीत खत्म कर दी और ईरान पर हमला करने का आदेश दे दिया। हो सकता है कि ईरान इसराईल के विस्तारवाद के लिए एक खतरा हो लेकिन वह अमरीका के लिए किसी भी तरह का खतरा नहीं है। जून 2025 में ऑप्रेशन मिडनाइट हैमर, जो एक गैर-कानूनी हमला था, के बाद, अमरीका ने दावा किया था कि 'ईरान की यूरेनियम संवर्धन सुविधाएं पूरी तरह से नष्ट कर दी गई हैं'। मिडनाइट हैमर के बावजूद, अगर ईरान ने लगभग परमाणु हथियार बना ही लिए थे, तो वे कहां हैं? क्या अमरीका ने परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजैंसी से ईरान का निरीक्षण करने और परमाणु हथियारों के विकास पर रिपोर्ट देने के लिए कहा? किस देश के पास परमाणु हथियार होंगे या नहीं, यह तय करने का अमरीका के पास क्या अधिकार है? क्या अमरीका भारत, पाकिस्तान या उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं में दखल देने और उन्हें 'नष्ट करने' का फैसला करेगा? पश्चिम एशियाई क्षेत्र में इसराईल के दुश्मन हैं। इसकी जड़ें उस समय से जुड़ी हैं, जब इसराईल का गठन उस जमीन पर हुआ था, जो मूल रूप से फिलिस्तीनियों की थी। फिर भी, पिछले कुछ सालों में, इस्लामी देशों सहित पूरी दुनिया ने इसराईल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है। हालांकि भारत ने फिलिस्तीन के विभाजन प्रस्ताव (1947) के खिलाफ वोट दिया था, लेकिन बाद में, सितम्बर 1950 में भारत ने इसराईल को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी और 1992 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हो गए। व्यापार, सैन्य सहयोग और खुफिया जानकारी सांझी करने के क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंध काफी फले-फूले हैं। पश्चिम एशिया के संघर्षों में भारत हमेशा से ही एक संतुलित और संयमित आवाज रहा है, कम से कम अब तक तो यही स्थिति थी। लेकिन हाल के दिनों में, भारत का रुख कुछ हद तक पक्षपातपूर्ण हो गया है। इसका प्रमाण 12 मार्च, 2026 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित उस प्रस्ताव के प्रति भारत का समर्थन है, जिसमें केवल ईरान की ङ्क्षनदा की गई थी। जब इसराईल के प्रधानमंत्री ने भारत, ग्रीस, साइप्रस, अरब देशों, अफ्रीकी देशों और भूमध्यसागरीय देशों को मिलाकर बने एक 'षट्कोणीय गठबंधन' का जिक्र किया, जिसका उद्देश्य 'कट्टरपंथी शिया गठबंधन और उभरते हुए कट्टरपंथी सुन्नी गठबंधन' का मुकाबला करना था, तब भारत ने इस पर विरोध का एक भी शब्द नहीं कहा। ट्रम्प की मनमानी की वजह से, तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर पहुंच गई हैं। अमरीका में महंगाई और ट्रम्प प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही, जो ईरान के नियंत्रण में है, लगभग पूरी तरह से रुक गई है। भारत में, एल.पी.जी. सिलैंडर की कमी हो गई है और उनकी कीमतें तेजी से बढ़ाई गई हैं। दुनिया भर के शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए हैं। अनुमान है कि इस युद्ध पर हर दिन 2 अरब डॉलर खर्च हो रहे हैं। इस युद्ध की मानवीय कीमत का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। मशहूर सैनिक, जनरल ड्वाइट आइजनहावर ने कहा था कि युद्ध क्रूर, बेकार और बेवकूफी भरा होता है। रूस ने 4 साल पहले यूक्रेन पर हमला किया था, लेकिन वह यह युद्ध जीत नहीं पा रहा। इस बीच, रूस पर कर्ज का बोझ बहुत बढ़ गया है, तेल से होने वाली कमाई घट गई है और रूसी सेना को अब भाड़े के सैनिकों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। ईरान के मामले में, ऐसा कोई संकेत नहीं मिल रहा कि अमरीका इस युद्ध को रोकने वाला है। चूंकि यह युद्ध मशीनों के जरिए लड़ा जा रहा है, इसलिए जब तक मशीनों की सप्लाई जारी रहेगी, अमरीका इस युद्ध को जारी रख सकता है। जब कोई देश युद्ध शुरू करता है, तो उसे यह भी पता होना चाहिए कि उसे कब रोकना है। युद्ध हर देश और हर इंसान का असली चेहरा सामने ला देता है। जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तो भारत ने उसकी ङ्क्षनदा नहीं की, बल्कि यह कहा कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है।' जब अमरीका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण किया था, तब इस तरह की नसीहतें नदारद थीं। पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा युद्ध में भी ये बातें साफ तौर पर गायब हैं।

# मध्यप्रदेश की सुगम संपर्कता परियोजना: अब सड़क से समृद्धि और शिक्षा की यात्रा

पवन वर्मा

**मध्यप्रदेश के हजारों गांवों और बस्तियों की एक बड़ी समस्या यह रही है कि ये आज भी संपर्क सुविधाओं से पूरी तरह नहीं जुड़ सके हैं। बरसात के मौसम में कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं, आवागमन लगभग ठप पड़ जाता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच बाधित हो जाती है। कई बार यह दूरी केवल भौगोलिक नहीं होती, बल्कि विकास की मुख्यधारा से अलगाव का प्रतीक बन जाती है। यही कारण है कि ग्रामीण संपर्कता को विकास की बुनियादी शर्त माना जाता है। राज्य सरकार की सुगम संपर्कता परियोजना इसी वास्तविकता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस योजना के तहत 100 से अधिक आबादी वाले मजरा-टोले, दूरस्थ बस्तियों और चिन्हित स्थानों को सड़क सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह केवल सड़क निर्माण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक समग्र प्रयास है।**

मध्यप्रदेश जैसे विशाल और ग्रामीण बाहुल्य राज्य में विकास की असली कसौटी शहरों की चमक नहीं, बल्कि गांवों और मजरे-टोलो की बुनियादी सुविधा और संपर्क व्यवस्था होती है। किसी भी समाज की प्रगति तब सार्थक मानी जाती है जब विकास की धारा अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं होती, बल्कि वह अवसरों, संभावनाओं और समृद्धि की राह भी खोलती है। ऐसे समय में जब राज्य सरकार ने सुगम संपर्कता परियोजना की शुरुआत की है, तो इसे ग्रामीण खासकर मजरे-टोलो पर जीवन की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए उठाया गया एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम माना जा सकता है। मध्यप्रदेश के हजारों गांवों और बस्तियों की एक बड़ी समस्या यह रही है कि ये आज भी संपर्क सुविधाओं से पूरी तरह नहीं जुड़ सके हैं। बरसात के मौसम में कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं, आवागमन लगभग ठप पड़ जाता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच बाधित हो जाती है। कई बार यह दूरी केवल भौगोलिक नहीं होती, बल्कि विकास की मुख्यधारा से अलगाव का प्रतीक बन जाती है। यही कारण है कि ग्रामीण संपर्कता को विकास की बुनियादी शर्त माना जाता है। राज्य सरकार की सुगम संपर्कता परियोजना इसी वास्तविकता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस योजना के तहत 100 से अधिक आबादी वाले मजरा-टोले, दूरस्थ बस्तियों और चिन्हित स्थानों को सड़क सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह केवल सड़क निर्माण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक समग्र प्रयास है। सड़कें बनती हैं तो केवल रास्ते नहीं खुलते, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और सामाजिक अवसरों के नए द्वार भी खुलते हैं। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसका क्रियान्वयन वीबी जीराम-जी (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के माध्यम से किया जाएगा। वीबी जीराम जी का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन समय के साथ यह ग्रामीण आधारभूत ढांचे के निर्माण का भी प्रभावी माध्यम बन गया है। जब सड़क जैसे स्थायी विकास कार्य वीबी जीराम जी के माध्यम से किए जाते हैं, तो इससे दोहरा लाभ मिलता है। एक ओर ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिलता है और दूसरी ओर गांवों को स्थायी विकास सुविधाएं प्राप्त होती हैं। इस योजना में जनपद पंचायतों को तीन करोड़ रुपये तक की स्वीकृति देने का अधिकार भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय है। सामान्यतः विकास योजनाओं में वित्तीय स्वीकृति के लिए लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी होती है। लेकिन जब जनपद पंचायतों को तीन करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को स्वीकृति देने का अधिकार मिलता है, तो स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया तेज हो जाती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप योजनाएं जल्दी तैयार और लागू की जा सकती हैं। यह व्यवस्था प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की उस सोच को भी मजबूत करती है, जिसमें स्थानीय संस्थाओं को अधिक अधिकार और जिम्मेदारी देकर विकास को गति देने का प्रयास किया जाता है। परियोजना में तकनीक का उपयोग भी इसे आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़कों के निर्माण के लिए स्थान चयन और डीपीआर तैयार करने में सिपरी सॉफ्टवेयर और अन्य डिजिटल प्रणालियों का उपयोग किया जाएगा। इससे योजनाओं का चयन अधिक वैज्ञानिक और तथ्य आधारित हो सकेगा। कई बार विकास योजनाओं के चयन को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन यदि तकनीक आधारित प्रणाली अपनाई जाती है तो पारदर्शिता और निष्पक्षता दोनों को मजबूती मिलती है। इसके साथ ही निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करने का निर्णय भी उल्लेखनीय है। आज के समय में प्रशासनिक दक्षता केवल योजनाओं की घोषणा से नहीं, बल्कि उनके क्रियान्वयन की गुणवत्ता से तय होती है। ड्रोन निगरानी से निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर सतत नजर रखी जा सकेगी। इससे अनियमितताओं को समय रहते रोका जा सकेगा और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। हालाँकि किसी भी योजना की सफलता उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। मध्यप्रदेश में पहले भी कई सड़क और ग्रामीण विकास योजनाएँ लागू की गई हैं, जिनसे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। लेकिन यह भी सच है कि कई बार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैं या योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पातीं। इसलिए सुगम संपर्कता परियोजना की सफलता के लिए यह आवश्यक होगा कि प्रशासनिक स्तर पर सख्त निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, इस बात को भी मध्य प्रदेश सरकार ने इस योजना में ध्यान रखा है। सड़क का महत्व केवल आवागमन तक सीमित नहीं होता। सड़कें गांवों की अर्थव्यवस्था को गति देती हैं। जब किसी गांव तक पक्की सड़क पहुंचती है तो किसान अपनी उपज को आसानी से बाजार तक ले जा सकते हैं, व्यापार बढ़ता है और ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। सड़कें स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को भी आसान बनाती हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में सड़क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी सड़क का सीधा प्रभाव पड़ता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे केवल इसलिए नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पाते क्योंकि रास्ते कठिन और असुरक्षित होते हैं। ऐसे में यदि विद्यालयों तक सड़क सुविधा सुनिश्चित की जाती है, तो यह शिक्षा के प्रसार में भी सहायक सिद्ध हो सकती है। इस परियोजना में विशेष रूप से सांदीपनि विद्यालयों तक सड़क निर्माण की व्यवस्था इस दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा सकती है। परियोजना का एक महत्वपूर्ण सामाजिक पक्ष भी है। अक्सर छोटे-छोटे मजरे-टोले और दूरस्थ बस्तियाँ विकास की योजनाओं से पीछे रह जाती हैं। समग्र रूप से देखा जाए तो सुगम संपर्कता परियोजना केवल एक सड़क निर्माण कार्यक्रम नहीं, बल्कि मजरे-टोलो के विकास की व्यापक सोच का हिस्सा है। यदि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाता है, तो यह हजारों गांवों और बस्तियों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। सड़कें केवल दूरी कम नहीं करतीं, बल्कि अवसरों की खाई को भी पाटती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई यह पहल ग्रामीण मध्यप्रदेश को नई गति देने की क्षमता रखती है। यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ इस परियोजना को आगे बढ़ाया जाता है, तो यह निश्चित रूप से मध्यप्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकती ।

# रेस्टोरेंट से बरामद हुए नौ घरेलू सिलेंडर संचालक के विरुद्ध हुई कार्रवाई

- रसोई गैस कालाबाजारी व जमाखोरी के खिलाफ प्रशासन हुआ सख्त
- अफसरों ने रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों व गैस एजेंसियों में मारा छापा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग किए जाने की शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान मिठाई की दुकान व रेस्टारेंट और गैस एजेंसियों में छापेमारी कर जांच पड़ताल की गई। इस दौरान साईं दरबार रेस्टोरेंट में 9 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। घरेलू गैस सिलेंड़र जब्त करने के साथ ही रेस्टोरेंट संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

इस समय रसोई गैस की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर प्रशासन सतर्क है। क्योंकि ईरान व इजरायल के बीच हो रहे युद्ध के कारण उपभोक्ताओं को भी समय से गैस नहीं मिल पा रही है। क्योंकि अब बुकिंग और डिलीवरी की समय अवधि भी बढ़ा दी गई है। इसी को लेकर जिलाधिकारी जे.रीभा के निर्देश पर रविवार को उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता की अगुवाई में टीम ने दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग पर रोक लगाने को छापामारी की। सिविल लाइन स्थित साईं दरबार रेस्टोरेंट में टीम को मौके पर कुल 12 गैस सिलेंडर मिले। इनमें तीन कामर्शियल तथा 9 घरेलू श्रेणी के सिलेंडर मिले। घरेलू गैस सिलेंडर जब्त करने के साथ ही रेस्टोरेंट संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। टीम ने सारंग होटल, कृष्णा स्वीट्स, सिग्नेचर व राजदरबार रेस्टोरेंटों में भी छापा मारकर जांच की। यहां टीम को सब कुछ ठीक मिला। संकल्प गैस एजेंसी व आराधना इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण करते हुए गैस वितरण त्वरित व पारदर्शी तरीके से सुनिश्चत कराने के निर्देश दिए। आराधना इंडेन गैस एजेंसी में उपस्थित लोगों मे समय पर गैस न वितरित करने की शिकायत बताई। बताया कि टोकन किसी और का जनरेट हुआ है और उस गैस की डिलीवरी किसी और को दे गई। एसडीएम ने इस मामले के जांच के आदेश दिए। ऑनलाइन रिपोर्ट व भौतिक रिपोर्ट में भिन्नता मिलने पर एजेंसी सचालक के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

## रमजान माह में गरीबों की मददगार बनी हुसैनी-72 सोसाइटी

बांदा। इबादत और नेकी के पवित्र माह रमजान के मौके पर जहां मुस्लिम समाज के लोग पूरे माह रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं, वहीं समाज के गरीबों की मदद के लिए भी आगे आते हैं। लोग अपने आसपास रहने वाले गरीब तबके के मुस्लिमों की मदद के लिए उन्हें खाने-पीने की सामग्री के साथ ही अन्य जरूरत का सामान भी उपलब्ध कराते हैं। रमजान के मुकद्दस महीने में हुसैनी-72 वेलफ़ेयर सोसाइटी के लोग जनपद में मुफलिसी के दिन गुजार रहे मुस्लिम समाज के लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ा रहे हैं। सोसाइटी के अध्यक्ष साद खान अपने सहयोगियों व समाज के सक्षम लोगों की मदद से गरीबों के घर-घर जाकर उनकी मदद कर रहे हैं और उन्हें रमजान की विशेष किट वितरित कर रहे हैं। अध्यक्ष साद खान ने बताया कि अभी तक उनकी सोसाइटी की ओर से करीब आधा सैकड़ा से अधिक गरीबों तक रमजान किट उपलब्ध कराई जा चुकी है। यह सिलसिला ईद तक लगातार जारी रहेगा। बताया कि किट में खाने-पीने की सामग्री के साथ ही नए कपड़े और बर्तन आदि शामिल किए गए हैं। बताते हैं कि रमजान माह में दान करना बहुत ही अच्छा माना जाता है और दान करने वाले को दुआएं मिलतीं हैं।

# ऐतिहासिक कालिंजर किले की पहाड़ी राष्ट्रीय भू-विरासत स्थल घोषित

- पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ होगा क्षेत्र का होगा विकास
- समारोह में जीएसआई अपर महानिदेशक ने किया उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नरैनी। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने जिले के ऐतिहासिक कालिंजर किले की पहाड़ी को राष्ट्रीय भू-विरासत स्थल (नेशनल जियो-हेरिटेज साइट) के रूप में घोषित किया है। भव्य समारोह के बीच इस स्थल का औपचारिक उद्घाटन अपर महानिदेशक व भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (उत्तरी क्षेत्र) विभागाध्यक्ष ने किया। पहाड़ी के भूविरासत स्थल घोषित होने पर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कालिंजर, चित्रकूट और खजुराहो के साथ इस क्षेत्र का विकास होगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी पंख लगेंगे।

भव्य समारोह के बीच सोमवार को अपर महानिदेशक व भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (उत्तरी क्षेत्र) विभागाध्यक्ष राजिंदर कुमार ने ऐतिहासिक कालिंजर किले की पहाड़ी के क्षेत्र को राष्ट्रीय भू-विरासत स्थल (नेशनल जिओ हैरिटेज साइट) घोषित किया। सूचना बोर्ड का अनावरण करते हुए अपर निदेशक ने उद्घाटन किया। अपर महानिदेशक ने बताया कि कालिंजर किला का क्षेत्र भूवैज्ञानिक घटना एपार्कियन अनकॉन्फ़ॉर्मिटी का प्रमाण है। यहां की 2.5 अरब वर्ष बुंदेलखंड ग्रेनाइट और 1.2 अरब साल पुराने कैमूर बलुआ पत्थर के करोड़ों वर्षों के इतिहास को दर्शाता है। विशिष्ट भू-आकृति द्वारा ऐतिहासिक राजवंशों को सामरिक सुरक्षा प्रदान करने की भी जानकारी दी गई। बताया कि किले की दीवारों में लगा स्थानीय पत्थर यहां के अद्वितीय भू-सांस्कृतिक विरासत का परिचायक है। कालिंजर के भूविरासत स्थल घोषित होने के साथ ही इस क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कालिंजर, खजुराहो एवं चित्रकूट के साथ इस पर्यटन स्थल का भी विकास होगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूवैज्ञानिक महत्वता दर्शाने वाले इस समय के विशाल अभिलेखागार के संरक्षण और जन-जागरूकता के लिए विशेष सूचना बोर्ड स्थापित किया।

# जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय अगियौना व आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय अगियौना व आंगनबाड़ी केंद्र अगियौना का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई प्रकार की अनियमितताएं मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर और शौचालय की साफ-सफाई की स्थिति खराब पाये जाने, विद्यालय में अनुशासन की कमी, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में लापरवाही तथा निपुण तालिका अपडेट न होने पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने दूरभाष के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि पूरे मामले की जांच कर प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाय। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका ने बताया कि सफाईकर्मी नियमित रूप से विद्यालय नहीं आते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिया कि सफाईकर्मी प्रतिदिन विद्यालय की साफ-सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को तत्काल विद्यालय का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा प्रधानाध्यापिका ने यह भी जानकारी दी कि एक शिक्षक काफी समय से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को संबंधित शिक्षक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## बीज की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख, दुकानदार झुलसा

कौशाम्बी। थाना सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में सोमवार सुबह एक बीज भंडार की दुकान में भीषण आग लग गयी जिसमें लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान आग बुझाने के प्रयास में दुकान मालिक भी झुलस गया। जानकारी के अनुसार अजुहा कस्बे के निवासी चंद्राज उर्फ धीरू केसरवानी पुत्र बुद्धू केसरवानी ने अपने घर में ही बीज भंडार की दुकान खोल रखी है। सोमवार सुबह करीब छह बजे जब धीरू की नींद खुली तो उन्हें हल्का धुआं दिखाई दिया। देखते ही देखते धुएं ने विकराल रूप ले लिया और नीचे स्थित दुकान में आग तेजी से फैल गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही घर की ऊपरी मंजिल पर मौजूद परिवार के सदस्यों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचायी। वहीं आग बुझाने के दौरान धीरू केसरवानी के दोनों हाथ झुलस गये।

# होली मिलन समारोह में सर्राफा व्यापारियों ने दिया एकता का संदेश

- मूरतगंज सर्राफा मंडल का हुआ गठन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। मूरतगंज सर्राफा व्यापार मंडल के तत्वावधान में सोमवार को मूरतगंज स्थित एक गेस्ट हाउस में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संजय गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रयागराज सर्राफा मंडल के अध्यक्ष संजय वर्मा रहे। इस अवसर पर सर्राफा व्यापारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी तथा आपसी प्रेम, सौहार्द व सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजित होली मिलन कार्यक्रम से लोगों के बीच भाईचारा व एकता का संदेश बढ़ता है। होली के पारंपरिक त्यौहार में लोग आपस मे गले मिलकर लोग गिले शिकवे भी भुला देते हैं। इस दौरान व्यापारियों के हितों को मजबूत करने के उद्देश्य से मूरतगंज सर्राफा मंडल का औपचारिक गठन भी किया गया। मंडल के गठन में संयोजक संतोष सोनी, देवनारायण, गणेश प्रसाद, शिवबाबू सोनी, मिठाई लाल साहू, दुर्गा प्रसाद सोनी तथा मीडिया प्रभारी मोहित सोनी के नेतृत्व में संगठन की रूपरेखा तय की गयी जिसमें सर्वसम्मति से अंकित सोनी को अध्यक्ष, शुभम सोनी को उपाध्यक्ष, दीपक सोनी को कोषाध्यक्ष, मनोज साहू को कार्यकारिणी अध्यक्ष, दीपक वर्मा को महामंत्री तथा विनोद सोनी व प्रभाशंकर सोनी को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस अवसर पर छोटू मौर्य, मनोज सोनी, रामबालक सोनी, सोनू सोनी, अभिषेक सोनी, पिंकू सोनी, अमित साहू, विशाल सोनी, गौरव मोदनवाल, सत्यम कौशल, लवकुश मौर्य, हरीश मौर्य, बंटी सोनी, अविनाश सोनी, दीपू सोनी, रविराज सोनी सहित प्रयागराज सर्राफा मंडल तथा फतेहपुर, भरवारी, सरायअकिल, तिल्हापुर मोड़, मनौरी, मंझनपुर, करारी सहित कई क्षेत्रों के सर्राफा व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और व्यापारिक एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# वार्षिकोत्सव में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

- किड्जी प्री-स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। किड्जी प्री-स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। बच्चों ने एक से एक बढ़कर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की हनुमान चालीसा की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। शहर के इंदिरा नगर स्थित किड्जी प्री-स्कूल में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, जुबी-जुबी, दिल है छोटा सा, रुकना ना तू बंदिया, स्कूल चले हम, सपने रे सपने आदि की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की हनुमान चालीसा की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा कवि सम्मेलन में दीन दयाल सोनी, अनिल द्विवेदी, डा.चंद्रिका प्रसाद दीक्षित, प्रकाश, राजेश, चंद्रप्रकाश, प्रभा, रीता गुप्ता, मिथलेश, स्वदेश, गोपाल ने स्वचरित रचनाएं पेश कीं। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, विजय गुप्ता, विमल सिंह, सभासद रामनरायण तिवारी, अशोक त्रिपाठी जीतू, अमित सेठ भोलू, सुनील सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर साइनबोर्ड व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

- शासन ने सड़क सुरक्षा कार्यों के लिए जारी किए तीन लाख रुपये
- जिलाधिकारी ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर साइनबोर्ड व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। बताया कि शासन ने सड़क सुरक्षा कार्यों के लिए तीन लाख रुपये अवमुक्त किए हैं। इसी धनराशि से दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर साइनबोर्ड व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने स्कूली प्राइवेट वाहन तथा ई-रिक्शा संचालन पर ओवरलोड बच्चों को न ले जाने पर सख्ती से अभियान चलाने को कहा।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने दुर्घटना बाहुल्य स्थल महोखर, तिंदवारी, मूंगुस, माटा व बेंदाघाट पर साइनेज और रंबल स्ट्रिप लगाने को कहा। एआरटीओ को 15 वर्षों से अधिक समय की बसों का संचालन स्कूलों में नहीं करने व फिटनेस कराने के निर्देश दिए। हिट एंड रन मामलों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए मृतक आश्रितों तथा घायलों को ओरिएंटल इंडिया कार्पोरेशन से सहायता धनराशि दिलाने को कहा। राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार कराने पर जोर दिया। परिवहन विभाग द्वारा सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने को पुलिस विभाग से बिना सीटबेल्ट व हेलमेट की सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश दिए। बताया गया कि पिछले माह 3730 बिना हेलमेट व 382 बिना सीटबेल्ट के चालान किए गए। प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए 134 ओवरलोड वाहनों से 71.21 लाख रूपये प्रसमन शुल्क वसूल किया गया। डीएम ने दो माह में महाराणा प्रताप चौराहे व श्रीनाथ बिहार के पास विद्युत तारों को ऊंचा करने संबंधी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। संकटमोचन रोड पर विद्युत पोल हटाने तथा कालूकुआं चौराहे पर अतिक्रमण हटाने को कहा। तिंदवारी कस्बे में बाईपास रोड पर सब्जीमंडी स्थानांतरित करने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सिकंदरपुर कर्ण में कृषि मेला व प्रदर्शनी का आयोजन

उन्नाव। सिकंदरपुर कर्ण विकासखंड सभागार में कृषि विभाग उन्नाव की ओर से कृषक जागरूकता कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसान देश की मजबूत नींव हैं। किसानों को आधुनिक तकनीकों और नई योजनाओं की जानकारी देकर कृषि को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से उन्नत खेती अपनाने और सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कृषि मेले में किसानों को कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण, उन्नत बीज, आधुनिक खेती की तकनीकों और कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही नई तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सम्मानित कृषक बंधुओं को सम्मानित भी किया गया। मेले में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में किसानों के विकास और कृषि को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग का चलाया विशेष अभियान

शुक्लागंज, उन्नाव। भीषण गर्मी के दस्तक देने से पहले विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सोमवार को सरैयां स्थित विद्युत सब स्टेशन में 10 एमवी के ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग का विशेष अभियान चलाया गया। इस मेंटीनेंस कार्य के चलते क्षेत्र के चार प्रमुख फीडरों की बिजली करीब चार घंटे तक गुल रही, जिससे उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एसडीओ राजेंद्र प्रसाद की देखरेख में बिजली कर्मियों ने सुबह 11 बजे टेस्टिंग का कार्य शुरू किया। इस प्रक्रिया के दौरान फीडर संख्या दो, तीन, चार और पांच की आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई। इसके चलते आजाद नगर, सुभाष नगर, नेहरू नगर, गांधीनगर, पोनी रोड, श्रीनगर और सीताराम कॉलोनी समेत दर्जन भर मोहल्लों के हजारों घरों में अंधेरा छा गया और पानी की किल्लत भी महसूस की गई। उपकेंद्र पर स्थापित दोनों 10 एमवी के ट्रांसफार्मरों की बारीकी से जांच की गई।

### पुलिस ने वारंटियों को दबोचा

परियर-उन्नाव। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी के अंतर्गत बाबू बंगला निवासी रामप्रसाद (50) व रामलाल (40) पुत्रगण दुलारे दोनों भाई पुलिस द्वारा वारंट जारी होने के बाद से लगभग पंद्रह दिनों से फरार चल रहे थे। कई बार प्रयास के बाद दोनों भाई पुलिस को भनक लगते ही गयाब हो जाते थे। सोमवार दोपहर परियर चौकी इंचार्ज अनिल राजपूत ने मुखबिर की सूचना पर चौकी के दीवान सौरभ सिंह,शिवकुमार व रंजीत के साथ छापेमारी कर दोनों भाइयों को घर से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायलय के आदेश जेल भेज दिया है।

### ब्लॉक सभागार में होली मिलन समारोह, विधायक ने लगाया गुलाल

बांगरमऊ। गंजमुरादाबाद में स्थित ब्लॉक सभागार में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एडीओ पंचायत देवेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने कार्यकर्ताओं और प्रधानों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि हम सभी प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द के पर्व होली के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह खुशियां, उमंग और आपसी प्रेम का संदेश भी देती है। सभी त्योहार हमें यह सिखाते हैं कि हम मन के भेदभाव, मनमुटाव और कटुता को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाएं और प्रेम व सौहार्द के रंगों से अपने जीवन को रंगीन बनाएं।

# मनरेगा भुगतान को लेकर कांग्रेस का विकास भवन घेराव आज

- ग्राम रोजगार सेवकों के मानदेय और ईपीएफ जमा न होने के मुद्दे को लेकर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ। कांग्रेस ने जिले में मनरेगा योजना के तहत मजदूरों की मजदूरी, सामग्री मद के भुगतान, ग्राम रोजगार सेवकों के मानदेय और ईपीएफ जमा न होने के मुद्दे को लेकर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने इन समस्याओं को लेकर मंगलवार 17 मार्च को विकास भवन का घेराव कर धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

मनरेगा कोऑर्डिनेटर विदुषी बाजपेई ने तिकोनिया पार्क स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में बताया कि पार्टी देशभर में ल्लमनरेगा बचाओ संग्रामङ्क अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि एआईसीसी महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यदि जॉब कार्ड धारकों और मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। इसी क्रम में प्रदेश के सभी 75 जिलों में जिला व शहर कांग्रेस कमेटियां संयुक्त रूप से 17 मार्च को विकास भवन का घेराव कर धरना देंगी। उन्होंने बताया कि उन्नाव जिले में करीब दो लाख मजदूर परिवारों को पिछले लगभग 75 दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है, जबकि नियम के अनुसार 15 दिन के भीतर भुगतान किया जाना चाहिए। सरकार और जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते करीब 2.07 करोड़ रुपये मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बकाया है। इसमें फतेहपुर चौरासी ब्लॉक में लगभग 42 लाख और बांगरमऊ ब्लॉक में 35 लाख रुपये से अधिक का भुगतान लंबित बताया गया है। विदुषी बाजपेई ने यह भी कहा कि सामग्री आपूर्तिकर्ताओं का भुगतान भी महीनों से रुका हुआ है। जनपद में करीब 35.43 करोड़ रुपये सामग्री मद का भुगतान अटका हुआ है, जिसमें बांगरमऊ ब्लॉक में 5.71 करोड़, औरास ब्लॉक में 4.44 करोड़ तथा हसनगंज ब्लॉक में 3.94 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## मुख्य परिचालन अधिकारी ने विकास कार्यों का लिया जायजा

शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं और चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए मुख्य परिचालन अधिकारी मोनिका अग्निहोत्री दिल्ली से सड़क मार्ग होते हुए पहुंचीं। उनके आगमन से स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान टीआई अखिलेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। मुख्य परिचालन अधिकारी ने सबसे पहले स्टेशन की आधारभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर लाइटिंग व्यवस्था, साफ-सफाई, यात्रियों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता और शौचालयों की स्थिति देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। स्टेशन के कायाकल्प कार्यों की समीक्षा करते समय उन्होंने कार्यदायी संस्था की कार्यप्रणाली पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया।

# एसडीएम ने की गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ। स्थानीय तहसील सभागार में सोमवार को क्षेत्र के रसोई गैस एजेंसी संचालकों और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में रसोई गैस की उपलब्धता, स्टॉक की स्थिति और उपभोक्ताओं तक सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों से गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्र में संचालित सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों को बुलाया गया था। बैठक के दौरान एजेंसी संचालकों से घरेलू और कमर्शियल दोनों प्रकार के रसोई गैस सिलेंडरों के मौजूदा स्टॉक की जानकारी ली गई। इस पर सभी संचालकों ने बताया कि उनके गोदामों में घरेलू गैस रिफिल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बैठक में गैस बुकिंग से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। एजेंसी संचालकों ने बताया कि हाल के दिनों में उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के दौरान मोबाइल नंबर पर ओटीपी न आने और बुकिंग कन्फर्म न होने जैसी समस्याएं सामने आई थीं। अब संबंधित तकनीकी समस्या का समाधान कर दिया गया है। वर्तमान में उपभोक्ता निर्धारित टोल फ्री नंबर पर कॉल कर आसानी से गैस सिलेंडर की बुकिंग कर सकते हैं।

# ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियों को लेकर बैठक, डीएम ने दिए निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क






गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद परिसर में सोमवार को ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल उपस्थित रहीं।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मेला व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने मेले में आने वाली भीड़ को देखते हुए भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था, अस्थायी चिकित्सा शिविर की स्थापना तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा जिलाधिकारी ने कहा कि छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में लगभग 120 वर्षों से ऐतिहासिक चैती मेले का आयोजन होता आ रहा है।

इस वर्ष भी लाखों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें बैठक में नगर को स्वच्छ व व्यवस्थित रखने, मेले को आकर्षक ढंग से सजाने और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उपस्थित बुद्धिजीवियों व जनप्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिए इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू अधिशासी अधिकारी, उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी, नगर पालिका के सभासद, गणमान्य नागरिक तथा नगरवासी उपस्थित रहे।

## गोला में सेपकटाकरा का जलवा, खिलाड़ियों की प्रतिभा को मिला सम्मान

गोला गोकर्णनाथ खीरी। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में गोला छोटी काशी स्पोर्ट्स सेपकटाकरा एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय बालक-बालिका सेपकटाकरा प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने की उत्तर प्रदेश सेपकटाकरा एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं पूर्व आईटीबीपी जवान तान सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जनपद में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उप क्रीड़ा अधिकारी लखीमपुर खीरी मोहम्मद इरफ़ान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी रजत साहनी मौजूद रहे समापन अवसर पर चेयरमैन रिंकू शुक्ला और समाजसेवी रजत साहनी ने बालक व बालिका वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बीआईए एगॉन के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा।

# गन्ना काट रहे किसान पर बाघ का हमला, दर्दनाक मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अज़ान खीरी। महेशपुर वन रेंज क्षेत्र से सटे आबला बीट के नंदलालपुर गांव में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां बाघ के हमले में 36 वर्षीय किसान की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, जबकि वन विभाग की टीम के देर से पहुंचने को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नंदलालपुर निवासी 36 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र गजोधर लाल सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे अपने घर से जानवरों के लिए गन्ने का चारा काटने खेत गए थे। गांव के दक्षिण दिशा में स्थित अपने गन्ने के खेत में वह करीब तीन बजे गन्ने की आग (ऊपरी हिस्सा) काट रहे थे। इसी दौरान अचानक गन्ने के खेत से निकले बाघ ने उन पर हमला कर दिया।

अचानक हुए हमले से मनोज कुमार बुरी तरह घायल हो गए। बाघ ने उनकी पीठ और चेहरे पर गंभीर घाव कर दिए। पास ही खेत में काम कर रहे अन्य किसानों ने मनोज की चीख-पुकार सुनी तो वे मौके की ओर दौड़े और शोर मचाने लगे। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ खेतों की ओर भाग गया घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार को तत्काल अपनी गाड़ी से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया। हालांकि डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर है। वहीं ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना मिलने के बावजूद वन विभाग की टीम दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद मौके पर पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अक्सर जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर वन क्षेत्र से सटे गांवों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और लोगों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# छोटी काशी में उमड़ा आस्था का सैलाब



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी के समीपवर्ती कंजादेव स्थित खाटू श्याम मंदिर में रविवार को पापमोचनी एकादशी के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य संकीर्तन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गणेश वंदना के साथ हुआ। सुप्रसिद्ध भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने अपने भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे। पूरा मंदिर परिसर ल्लहारे का सहारा, बाबा श्याम हमाराङ्क के जयकारों से गूंजता रहा इस अवसर पर नगर पंचायत मैलानी की अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी और पूर्व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मंदिर पहुंचकर बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर भजनों का आनंद लिया और भक्ति भाव में शामिल हुईं मंदिर के पुजारी संतोष पाठक ने श्रद्धालुओं को पापमोचनी एकादशी का महत्व बताते हुए पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि च्यवन ऋषि के पुत्र मेधावी मुनि और मंजुघोषा अप्सरा ने इस व्रत के प्रभाव से अपने पापों और श्राप से मुक्ति प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि इस एकादशी की कथा सुनने मात्र से हजार गौदान के बराबर पुण्य फल प्राप्त होता है कार्यक्रम के अंत में बाबा की भव्य आरती की गई और छप्पन भोग का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। भक्तों ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्वक बाबा के दर्शन किए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। इनमें अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिल जलोटा, प्रमोद सोनी, संजू गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, संतोष गुप्ता, मोहित गुप्ता, मयंक माहेश्वरी और सुमित राठौर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बीसीआई दिल्ली में अधिवक्ता के खिलाफ शिकायत खारिज अधिवक्ताओं में खुशी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला गोकर्णनाथ से एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया है, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव के विरुद्ध की गई शिकायत को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) दिल्ली ने खारिज कर दिया है। इस फैसले के बाद अधिवक्ताओं में खुशी की लहर देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव के खिलाफ योगेश कुमार और अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी द्वारा बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) में एक याचिका दायर की गई थी। इस मामले में बीसीआई ने सुनवाई के बाद बार काउंसिल ऑफ प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) द्वारा दिनांक 6 दिसंबर 2024 को जारी आदेश को पूर्ण रूप से निरस्त कर दिया बीसीआई के इस निर्णय के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव को बड़ी राहत मिली है और अब उनकी वकालत पूर्व की तरह जारी रहेगी। इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि सत्य की जीत हुई है और न्यायपालिका ने उनके साथ न्याय किया है।

# बुलडोजर कार्रवाई से पहले पानी की टंकी पर चढ़ा परिवार, दो घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा

- अदालत के आदेश पर पहुंची प्रशासनिक टीम को करना पड़ा विरोध का सामना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के हसनपुर कटौली गांव में सोमवार को अदालत के आदेश पर मकान गिराने पहुंची प्रशासनिक टीम को उस समय भारी विरोध का सामना करना पड़ा, जब मकान मालिक अपने परिवार के साथ गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गया। करीब दो घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और प्रशासन ने समझाकर परिवार को नीचे उतारा।

सोमवार सुबह उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि और क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे थे। जैसे ही प्रशासन ने मकान ध्वस्तीकरण की तैयारी शुरू की, मकान मालिक बृजेश सिंह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गया।

यह देख मौके पर हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। करीब दो घंटे तक अधिकारी और पुलिसकर्मी परिवार को समझाने का प्रयास करते रहे। काफी मशक्कत के बाद परिवार को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस ने बृजेश सिंह को हिरासत में ले लिया।

इसी दौरान भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पहले पीड़ित परिवार के रहने की व्यवस्था की जाए, उसके बाद ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों के अनुसार जिस जमीन पर मकान बना है, वह पहले जगदंबा के नाम दर्ज थी और बाद में वसीयत के आधार पर राजा अभिनाश सिंह व इरा सिंह के नाम हो गई।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने राजा अभिनाश सिंह से जमीन खरीदी थी, लेकिन उसकी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। बाद में उक्त जमीन का बैनामा शिवशंकर सेठ के नाम हो गया, जिसके बाद मामला न्यायालय पहुंच गया बताया जाता है कि लंबी सुनवाई के बाद 22 जनवरी 2026 को न्यायालय ने बृजेश सिंह के मकान को गिराने का आदेश दिया था। जमीन के खरीदार पक्ष का कहना है कि अदालत से बेदखली का आदेश मिल चुका है और प्रशासन उसी आदेश के अनुपालन में कार्रवाई कर रहा है उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। विरोध के कारण कुछ देर बाधा आई थी, लेकिन प्रशासन आदेश का पालन किया जा रहा है।

# दबंगों ने वृद्ध विधवा को घर से निकाला, सामान में लगाई आग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलियाकला खीरी। तहसील पलिया के ग्राम गजरौला में दबंगों द्वारा एक वृद्ध विधवा महिला को घर से निकालकर उसका सामान जलाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार घटना को एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वह सड़क किनारे रहने को मजबूर है। ग्राम गजरौला निवासी लगभग 70 वर्षीय विधवा चमेली देवी ने आरोप लगाया है कि 9 मार्च 2026 की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे गांव के ही अखिलेश पुत्र लालता, उसकी पत्नी, भाभी, बहन तथा हरिशंकर पुत्र लाहौरी की पत्नी ने घर में घुसकर उसका सामान बाहर फेंक दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके सामान में आग लगा दी। पीड़िता के अनुसार वह चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। घटना की सूचना पर उसने तत्काल डायल 112 पर फोन किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोप है कि उसे दोबारा घर में नहीं पहुंचाया गया और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई।इसके बाद पीड़िता लगातार पलिया कोतवाली के चक्कर लगाती रही, जहां उसे जांच का आश्वासन दिया गया। पीड़िता का कहना है कि उसकी पुत्री ने अपनी जमीन पर चारदीवारी बनवाकर तीन सेट डलवाए थे, जिसमें वह रह रही थी।

आरोप है कि दबंग लंबे समय से उस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे और मौका पाकर उसे घर से निकाल दिया बताया गया कि उक्त भूमि को लेकर मामला सिविल न्यायालय पलिया में वाद संख्या 20/2025 तथा उपजिलाधिकारी पलिया के यहां वाद संख्या 40 के रूप में विचाराधीन है।

# छोटी काशी में आज शिव प्राकट्य महापर्व

- गोकर्णेश्वर शिव की पूजा विशेष फलदायी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में चैत्र कृष्ण चतुर्दशी की पावन तिथि पर आज गोकर्णेश्वर शिव प्राकट्य महापर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि इस तिथि पर भगवान गोकर्णेश्वर शिव का पूजन करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के कारण यहां प्राचीन काल से चैती मेले की परंपरा चली आ रही है। गोला गोकर्णनाथ पर शोध प्रबंध लिखने वाले साहित्यकार व पत्रकार लोकेश कुमार गुप्त के अनुसार पद्म पुराण में वर्णन मिलता है कि चैत्र की कृष्ण चतुर्दशी की रात, जब सूर्य मीन राशि में होते हैं, तब कोटद्वार नगर (वर्तमान कोटवारा ग्राम) के ब्राह्मण सदानंद अपनी पत्नी द्वारा गाय को मारकर खा लेने के पाप का प्रायश्चित करने के लिए जंगल में तप कर रहे थे। रात्रि में हिंसक पशुओं के भय से वह बेल वृक्ष पर चढ़ गए और जागते रहने के लिए बेलपत्र तोड़कर नीचे गिराते हुए ल्ल? नमः शिवायङ्क मंत्र का जाप करते रहे। उसी बेल वृक्ष के नीचे वराह पुराण में वर्णित भगवान विष्णु द्वारा स्थापित मृग रूपधारी शिव का श्रृंग स्थित था। अनजाने में हुई इस पूजा से प्रसन्न होकर भगवान शिव सदानंद के समक्ष प्रकट हुए। भगवान शिव ने सदानंद को पंच तीर्थों की स्थापना का निर्देश दिया और वरदान मांगने को कहा। शिवजी के आशीर्वाद से सदानंद की मृत गाय जीवित हो गई और पत्नी के पाप के कारण गूंगा हुआ पुत्र भी बोलने लगा। शिवजी ने यह भी वरदान दिया कि जो भक्त चैत्र मास में सूर्य के मीन राशि में होने पर पंच तीर्थों में स्नान कर कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि जागरण करते हुए उनके मृगरूप श्रृंग का पूजन करेगा, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होगी। इसी वरदान के फलस्वरूप प्राचीन काल से श्रद्धालु यहां पंचकोषीय परिक्रमा कर पंच तीर्थों में स्नान और रात्रि जागरण कर गोकर्णेश्वर शिव का पूजन-अर्चन करते आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए राजा-महाराजाओं के समय से यहां चैती मेले का आयोजन होने लगा।

### पंच तीर्थों में कई स्थानों पर स्वच्छ जल का अभाव

गोला गोकर्णनाथ - ब्राह्मण सदानंद द्वारा स्थापित पंच तीर्थों में गोकर्ण तीर्थ गोकर्णेश्वर शिवालय के समीप, भद्र तीर्थ त्रिलोकीनाथ शिवालय के पास, कोणार्क तीर्थ ग्राम भवानीगंज में, पुनर्भू तीर्थ पुनर्भू ग्रांट गांव के निकट तथा मांड तीर्थ अहमदनगर गांव में स्थित हैं। इनमें गोकर्ण तीर्थ का पुनर्निर्माण गोकर्ण कॉरिडोर के साथ किया जा रहा है, जबकि भद्र तीर्थ का नवनिर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा कराया गया है।

### 17 मार्च से 18 मार्च तक रहेगा चतुर्दशी का योग

गोला गोकर्णनाथ - पुरोहितों के अनुसार इस वर्ष सूर्य 15 मार्च से 14 अप्रैल 2026 तक मीन राशि में रहेंगे। चैत्र कृष्ण चतुर्दशी 17 मार्च की प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ होकर 18 मार्च की प्रातः 8:25 बजे तक रहेगी। इस अवधि में व्रत, स्नान, रात्रि जागरण और गोकर्णेश्वर शिव की पूजा-अर्चना करने से भक्तों को मनोवांछित फल प्राप्त होने की मान्यता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बजरंग दल जिला अध्यक्ष पर लाठी-डंडों से हमला, जान से मारने की धमकी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर के विकास चौराहा स्थित बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता पर कुछ लोगों द्वारा लाठी-डंडों से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूप गुप्ता, पुत्र अशोक कुमार गुप्ता भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष हैं और निवासी पश्चिमी दीक्षिताना हैं। आरोप है कि विकास चौराहे पर खड़े होने के दौरान कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में सचिन गुप्ता, संजीव गुप्ता, सनी गुप्ता, हिमांशु गुप्ता और दिनेश गुप्ता शामिल हैं पीड़ित का आरोप है कि हमले के दौरान उन्होंने बचाव में डंडे को रोकने का प्रयास किया, जिससे उनकी उंगली में चोट लग गई और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान और तेंदुए के बीच 10 मिनट तक भिड़ंत, ग्रामीणों की सूझबूझ से काबू में आया तेंदुआ

धौरहरा खीरी। धौरहरा वन रेंज के देवी पुरवा गांव में सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खेत की ओर जा रहे एक किसान पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। किसान ने साहस का परिचय देते हुए करीब दस मिनट तक तेंदुए से मुकाबला किया और खुद को उसकी पकड़ से छुड़ा लिया। बाद में ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए तेंदुए को रस्सियों से बांधकर काबू में कर लिया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार देवी पुरवा गांव निवासी लगभग 30 वर्षीय अंकुल भार्गव सोमवार सुबह अपने खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में गेहूं के खेत से हलचल की आवाज सुनकर जब वे उस दिशा में बढ़े तो अचानक सामने तेंदुआ आ गया। अंकुल कुछ समझ पाते उससे पहले ही तेंदुए ने उन पर झपट्टा मार दिया और उनके हाथ को अपने जबड़ों में दबोच लिया। अंकुल ने हिम्मत नहीं हारी और तेंदुए से भिड़ गए। उन्होंने पूरी ताकत लगाकर तेंदुए को जमीन पर गिरा दिया, लेकिन वह हाथ छोड़ने को तैयार नहीं था। इसके बाद अंकुल ने लगातार उसके मुंह पर मुक्के मारकर खुद को छुड़ाने की कोशिश की। करीब दस मिनट तक चले इस संघर्ष के बाद आखिरकार तेंदुए ने उनका हाथ छोड़ दिया। उधर अंकुल की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों को देखते ही तेंदुआ भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और रस्सियों से बांधकर काबू में कर लिया। कुछ देर बाद तेंदुआ शांत होकर खेत में ही बैठ गया।

### गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली का आरोप किसान ने गन्ना मंत्री से की शिकायत

मितौली खीरी। विकास खंड मितौली क्षेत्र के खन्नजननगर स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों से कथित रूप से घटतौली किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक किसान ने गन्ना मंत्री को शिकायत पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है कि कुंभी चीनी मिल द्वारा संचालित खन्नजननगर गन्ना क्रय केंद्र, जो गन्ना सहकारी समिति लिमिटेड मैगलगंज से संबद्ध है, पर किसानों के साथ घटतौली की जा रही है। इस संबंध में मोहनलाल यादव, जो गन्ना सहकारी समिति लिमिटेड मैगलगंज में डेली गेट के पद पर हैं तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला सदस्य भी बताए जाते हैं, ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा है शिकायत में आरोप लगाया गया है कि केंद्र पर तैनात लिपिक विकास, हरीओम और पुष्पेंद्र द्वारा गन्ने की तौल में घटतौली की जा रही है तथा गन्ना उतरवाने के नाम पर किसानों से जबरन वसूली की जा रही है।

# सामाजिक समरसता और आपसी भाई चारे का त्योहार है होली : आशीष श्रीवास्तव

- कायस्थ समाज द्वारा आयोजित होली मिलन व कवि सम्मेलन में कवियों ने लुटी वाहवाही
- जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट, डॉ नीरज त्रिपाठी और डॉ क्षितिज श्रीवास्तव का हुआ सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





प्रतापगढ़। जिले के कायस्थ परिवार द्वारा नगर के जेल रोड स्थित भगवान चित्रगुप्त प्रांगण में आयोजित होली मिलन समारोह में जनपद के जाने माने कवि डॉक्टर श्याम शंकर शुक्ल श्याम जी, अनूप अनुपम उपाध्याय अनुपम, गीतकार सुनील प्रभाकर, चंद्र कांत त्रिपाठी, और दिव्य जी ने अपने होली के गीतो से समारोह में ऐसी शमां बंधी की लोग झूम उठे, कवि सम्मेलन का संचालन सुनील प्रभाकर और अध्यक्षता डॉक्टर श्याम शंकर शुक्ल जी ने किया।

इस अवसर पर सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा होली मिलन के माध्यम से कायस्थ समाज द्वारा सर्व समाज को एक साथ लाने का प्रयास काफी सराहनीय है। जिला अध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव ने कहा होली मिलन समारोह समाजिक सद्भावना और आपसी भाई चारे का प्रतीक है।

कंाग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा जनपद के कायस्थ परिवार का जिले के सामाजिक ढांचे के सुदृढ़ बनाने में बड़ा योगदान रहा है। कार्यक्रम का संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर पूरे प्रदेश में पहली महिला विश्वविद्यालय की आधार शिला रखकर महिला सशक्तिकरण पर एक नया अध्याय लिखने वाले अरविंद श्रीवास्तव, कायस्थ परिवार का राजनीति के क्षेत्र में जनपद पहचान स्थापित करने वाले भाजपा के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, कवि डॉक्टर श्याम शंकर शुक्ल अनूप उपाध्यक्ष अनुपम, गीतकार सुनील प्रभाकर चंद्र कंात त्रिपाठी , छंदकार दिव्य , डॉक्टर नीरज त्रिपाठी, जूनियर बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, डॉ क्षितिज श्रीवास्तव को अंग वस्त्रम,मोमेंटो देकर सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य के हाथों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर पीयूषकांत शर्मा, संजीव आहूजा, राजेश भट्ट,शरद केसरवानी, संजय खरे, निशाकांत श्रीवास्तव, शिशिर खरे, डॉ अविनाश श्रीवास्तव, डॉ विनय श्रीवास्तव,डॉ शंकर सहाय, राजीव सक्सेना,अनिल श्रीवास्तव सभासद,शशांक श्रीवास्तव, डॉ गौरव श्रीवास्तव, विश्वदीपक श्रीवास्तव, देश दीपक श्रीवास्तव,विजय श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, डॉ प्रभात श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, भाजपा के जिला महामंत्री राजेश सिंह, भाजपा के जिला मंत्री अनुराग मिश्र, संघ के जिला मीडिया प्रमुख अंकुर श्रीवास्तव,अभिषेक श्रीवास्तव,अनूप श्रीवास्तव,मयंक श्रीवास्तव,डॉ विजय श्रीवास्तव, बाबा, शिवशंकर खरे, शिशिर श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, भाजपा किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष अश्वनी पांडेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रुची केसरवानी, कमला श्रीवास्तव रीता श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, अंजली श्रीवास्तव, विशाखा श्रीवास्तव, उषा खरे, शकुंतला, खरे, संगीता श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, संत प्रसाद श्रीवास्तव, कुंवर श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, नवीन, श्रीवास्तव एडवोकेट, कामिनी श्रीवास्तव ,शिव मोहन श्रीवास्तव एडवोकेट, शुभम श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, जया सहाय, मंजू श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में संतोष कुमार खरे ने आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया

# यह कहने में कोई हिचक नहीं कि भारत दो-तीन टी20 टीमें एक साथ उतार सकता है : सूर्यकुमार

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव का मानना है कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में भारत में प्रतिभाओं का पूल इतना बड़ा है कि दो या तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर की टीमें एक साथ उतारी जा सकती है और इसका श्रेय बेहतरीन घरेलू ढांचे और फ्रेंचाइजी 'इकोसिस्टम' को जाता है। आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2024 में खिताबी जीत के बाद भारत की टी20 टीम की कमान संभालने वाले सूर्यकुमार ने घरेलू प्रतिस्पर्धाओं और इंडियन प्रीमियर लीग को टी20 क्रिकेट में भारत के बढते दबदबे का श्रेय दिया। सूर्यकुमार के 2024 में कप्तान बनने के बाद से भारतीय टीम ने 52 में से 42 टी20 मैच जीते हैं। पॉडकास्ट इंटरव्यू में सूर्यकुमार ने मौजूदा टीम को भारत की सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम बताया। उन्होंने कहा ,'' अगर आप प्रतिभा की बात करें तो नियमित स्तर पर प्रतिभायें आती रही है। आईपीएल है, फ्रेंचाइजी क्रिकेट और फिर घरेलू क्रिकेट। आप देख सकते हैं कि हर साल कितने खिलाड़ी निकल रहे हैं। आप जितनी चाहें उतनी टी20 टीमें बना सकते हैं। उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि प्रतिभायें अपार है। हमारा बेस इतना मजबूत है कि दो या तीन अंतिम एकादश तैयार की जा सकती है। यह कोई कूटनीतिक जवाब नहीं है। वाकई हमारा ढांचा इतना मजबूत है कि सच कहने में कोई शर्म नहीं है। सूर्यकुमार ने विश्व कप में टीम की सफलता का श्रेय सामूहिक प्रयासों को देते हुए कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साझा विजन से इस अप्रत्याशित प्रारूप में जीत की 80 प्रतिशत दर हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय मैच अलग तरीके से खेले जाते हैं और आईसीसी टूर्नामेंट में कुछ और होता है। इसलिये टीम को विश्व कप में जीत की लय बनाये रखने के लिये प्रेरित करना पड़ा। उन्होंने कहा ,'' मैं आंकड़ों पर ज्यादा ध्यान नहीं देता लेकिन मुझे हारना पसंद नहीं है। ड्रेसिंग रूम में सभी अगर एक दिशा में सोचते हैं तो ही यह प्रतिशत हासिल किया जा सकता है। मैदान में 360 डिग्री पर स्ट्रोक्स खेलने में माहिर सूर्यकुमार ने टी20 बल्लेबाजी के बारे में कहा ,''मेरा मानना है कि बल्लेबाजी 70 से 75 प्रतिशत प्रतिक्रिया होती है। बाकी 25 प्रतिशत स्वाभाविक होती है कि आप समय पर क्या करते हैं। मैदान पर उतरने के बाद आप आटोपायलट मोड में होते हैं। आप हालात के अनुरूप खेलने की कोशिश करते हैं। अक्सर जोखिम भरे स्ट्रोक्स खेलने वाले सूर्यकुमार ने कहा कि वह हमेशा साहस और लापरवाही में एक लकीर खींचकर चलना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा ,'' साहसी और लापरवाह होने में बहुत बारीक अंतर है। मैं साहसी रहना पसंद करता हूं। लेकिन अगर हालात के अनुसार जोखिमभरे शॉट खेलने की जरूरत है तो करना पड़ता है। जितना ज्यादा जोखिम होगा, उतना अच्छा फल मिलेगा। कोच गौतम गंभीर से संबंधों के बारे में उन्होंने कहा कि टीम चुनने के लिये जब वे पहली बार साथ बैठे तो उनकी सोच समान थी।

# बरसों से मेरी ख्वाहिश थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा रहे और वह समय आ गया है : मिताली

एजेंसी



नयी दिल्ली। मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारतीय क्रिकेट के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरूष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरूष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। जूनियर स्तर पर अंडर 19 टीमों ने भी विश्व खिताब जीते हैं। मिताली ने बीसीसीआई नमन पुरस्कारों के दौरान कहा ,'' मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है। उन्होंने कहा ,'' पिछले दो तीन साल में भारतीय क्रिकेट महिला, पुरूष या अंडर 19 लड़के और लड़कियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। एक पूर्व क्रिकेटर होने के नाते भारतीय क्रिकेट की प्रगति होते देखकर गर्व महसूस होता है। मिताली , पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ और रोजर बिन्नी को बीसीसीआई पुरस्कार समारोह में रविवार को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। उन्होंने भारतीय क्रिकेट, खासकर महिला क्रिकेट के कायाकल्प का श्रेय बीसीसीआई के पूर्व सचिव और आईसीसी के मौजूदा अध्यक्ष जय शाह को दिया। उन्होंने कहा ,'' मैने महिला क्रिकेट में बदलाव को देखा है और मैं बीसीसीआई और जय सर के सहयोग का जिक्र करना चाहूंगी। पिछले चार पांच साल में भारतीय महिला क्रिकेट में भारी बदलाव आया है और यह एक व्यक्ति के कारण हुआ है। मिताली ने कहा ,'' वैश्विक स्तर पर इसके लिये उनका विजन और प्रतिबद्धता। उन्होंने महिला क्रिकेट के विकास के लिये काफी प्रयास किये हैं। बीसीसीआई में शाह के कार्यकाल में महिला और पुरूष क्रिकेटरों की समान मैच फीस की शुरूआत हुई और पूरी तरह से पेशेवर महिला प्रीमियर लीग भी शुरू हुई। मिताली ने यह भी कहा कि अपने कैरियर में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और द्रविड़ से काफी प्रेरणा ली। उन्होंने कहा ,'' महिला क्रिकेट का अपना सफर रहा है लेकिन हमने पुरूष क्रिकेटरों से काफी प्रेरणा ली। मैने राहुल और सचिन से काफी कुछ सीखा। उनसे बल्लेबाजी को लेकर लंबी बातचीत की और सुझाव भी मिले जो काफी काम आये।

# मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 के लिये अभ्यास शिविर शुरू किया



एजेंसी

मुंबई। पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने सोमवार को 28 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिये अभ्यास शुरू कर दिया। अभ्यास के लिये पहुंचने वाले पहले समूह में शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडेय, अल्लाह गजांफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्वनी कुमार शामिल थे। रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पंड्या आने वाले दिनों में शिविर में जुड़ेंगे। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा ,'' सत्र के पूर्व शिविर में पहला दिन हमेशा खास होता है। खिलाड़ी आते हैं, ऊर्जा का संचार होता है और अच्छे प्रदर्शन पर जोर रहता है। हमारे पास मुंबई इंडियंस के साथ काफी समय से जुड़े खिलाड़ी और कुछ नये चेहरे भी हैं। मुंबई को पहला मैच 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलना है।

# एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस भारतीय खेलों के भविष्य का मार्गदर्शन करेगी: पीटी उषा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी ऊषा ने भारतीय खेलों में एथलीट-केंद्रित शासन व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र का भविष्य ऐसी नीतियों से तय होना चाहिए जिनमें खिलाड़ियों को निर्णय प्रक्रिया के केंद्र में रखा जाए। आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की तैयारी, कल्याण और विकास खेल प्रशासकों तथा खेल संस्थाओं की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस सम्मेलन की मेजबानी दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) कर रहा है। पीटी उषा ने कहा, ल्लएथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस भारतीय खेलों के भविष्य का मार्गदर्शन करनी चाहिए। खिलाड़ियों की तैयारी, उनका कल्याण और विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। भारतीय खेलों के बदलते परिदृश्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश इस समय अपने खेल सफर के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। बेहतर बुनियादी ढांचा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और संस्थागत समर्थन के कारण भारतीय खिलाड़ी अब वैश्विक मंच पर अधिक आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्लपिछले एक दशक में हमने देखा है कि देश में खेलों को समर्थन और सम्मान देने के तरीके में बड़ा बदलाव आया है। आज खिलाड़ियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और मजबूत संस्थागत समर्थन मिल रहा है। पीटी उषा ने जमीनी स्तर पर खेलों के विकास के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय खेलों की असली ताकत गांवों, कस्बों और स्कूलों में छिपी हुई प्रतिभाओं में है, जिन्हें पहचानने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ल्लभारतीय खेलों की असली ताकत जमीनी स्तर पर है–गांवों, कस्बों और स्कूलों में जहां नई प्रतिभाएं सामने आने का इंतजार कर रही हैं। यदि हम कोचिंग, बुनियादी ढांचे और प्रतिभा पहचान में लगातार निवेश करते रहें, तो भारत लगातार विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार कर सकता है। पीटी उषा ने खेल पत्रकारिता की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि खेल पत्रकार केवल परिणाम बताने वाले नहीं होते, बल्कि वे खिलाड़ियों के संघर्ष, भावनाओं और उपलब्धियों की कहानियों को सामने लाते हैं। जिम्मेदार और गहन खेल पत्रकारिता देश में खेलों की मजबूत नींव तैयार करती है। सम्मेलन के दौरान आयोजित एक पैनल चर्चा में आईओए के सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा कि भारत इस समय अपने खेल विकास के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहां बढ़ती महत्वाकांक्षा, निवेश और भागीदारी देश को एक प्रमुख खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका करेंगे एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2025-26 की मेजबानी

**लॉज़ान (स्विट्ज़रलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने सोमवार को घोषणा की है कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2025-26 के चौथे संस्करण की मेजबानी करेंगे। इस प्रतियोगिता के विजेता को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2026-27 सत्र में शामिल होने का अवसर मिलेगा। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन शहर में आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया की कई मजबूत टीमें भाग लेंगी। इन टीमों में मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, स्कॉटलैंड और आयरलैंड शामिल हैं। स्कॉटलैंड ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप-2 के माध्यम से पदोन्नति हासिल की है, जबकि आयरलैंड 2024-25 सत्र की एफआईएच हॉकी प्रो लीग से बाहर होकर इस टूर्नामेंट में उतरेगा। एफआईएच हॉकी पुरुष नेशंस कप 2025-26 का आयोजन 11 से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होगी, जिसने 2022 में पोटचेफस्ट्रूम शहर में पुरुष वर्ग के पहले संस्करण की मेजबानी की थी। महिला वर्ग की प्रतियोगिता न्यूजीलैंड के ऑकलैंड शहर में 15 से 21 जून 2026 तक खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट में मेजबान न्यूजीलैंड के अलावा अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड, फ्रांस और भारत की टीमें भाग लेंगी। फ्रांस ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप-2 से पदोन्नति हासिल की है, जबकि भारत 2024-25 सत्र की एफआईएच हॉकी प्रो लीग से बाहर होकर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। एफआईएच हॉकी नेशंस कप की शुरुआत 2021 में उन शीर्ष रैंकिंग वाली टीमों के लिए की गई थी, जो एफआईएच हॉकी प्रो लीग में शामिल नहीं हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ऐसी टीमों को उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है, जहां से विजेता टीम को अगले सत्र की प्रो लीग में पदोन्नति का अवसर मिलता है। महिला वर्ग में अब तक खेले गए तीन संस्करणों में भारत, स्पेन और न्यूजीलैंड खिताब जीत चुके हैं। वहीं पुरुष वर्ग में पहले संस्करण का खिताब दक्षिण अफ्रीका ने जीता था, जबकि इसके बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम ने लगातार दो बार यह ट्रॉफी अपने नाम की। एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने मेजबानों की घोषणा के बाद कहा कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे शानदार देशों में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना हॉकी प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक होगा और दुनिया की शीर्ष टीमें दो महाद्वीपों में शानदार मुकाबले पेश करेंगी।

### एआई क्षेत्र में संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में सीसीआई: चेयरपर्सन

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि आयोग कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयार कर रहा है जिनमें एल्गोरिथम संबंधी मिलीभगत भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी संस्था खेल, नागर विमानन, 'पेंट व वार्निश' तथा मद्य क्षेत्रों में भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जांच कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजार में अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर नजर रखता है। उन्होंने कहा, '' ३हम कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली किसी भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधि के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। कौर ने कहा, '' हमने संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों की पहचान की है३ जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) की मूल्य श्रृंखला में अत्यधिक केंद्रीकरण शामिल हो सकता है। इसमें एल्गोरिथम आधारित मिलीभगत, लक्षित मूल्य भेदभाव, स्वयं को प्राथमिकता देना या कृत्रिम मेधा (एआई) में किसी प्रकार की अपारदर्शिता शामिल हो सकती है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने पिछले वर्ष कृत्रिम मेधा (एआई) और प्रतिस्पर्धा पर एक बाजार अध्ययन भी जारी किया था। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर 11वें राष्ट्रीय सम्मेलन में आयोग की चेयरपर्सन ने कहा कि नियामक के पास आए करीब 90 प्रतिशत प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा, '' हमें हर क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जानकारी मिलती है। आयोग को कुल 1,360 प्रतिस्पर्धा-विरोधी सूचनाएं प्राप्त हुई हैं और इनमें से 1,211 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। इस मौके पर में नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने कहा कि विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए एक मजबूत प्रतिस्पर्धा व्यवस्था आवश्यक है।

### पश्चिम एशिया संकट: देश की कोयला मांग, बिजली क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने को तैयार एसईसीएल

**नयी दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने सोमवार को कहा कि कंपनी बदलती वैश्विक ऊर्जा परिस्थितियों के बीच देश की कोयला मांग, विशेषकर बिजली क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे वैश्विक ऊर्जा मार्ग प्रभावित हुए हैं जिससे आयातित कोयला एवं द्रवीकृत प्राकृतिक गैस की लागत बढ़ गई है। इसका अप्रत्यक्ष दबाव भारत के कोयला और बिजली क्षेत्रों पर पड़ रहा है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दुहान ने बातचीत में कहा कि कंपनी मजबूत परिचालन गति बनाए हुए है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने मार्च के मध्य तक करीब 16.5 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और 16.9 करोड़ टन से अधिक कोयले का प्रेषण किया है जिससे बिजलीघरों तथा अन्य उपभोक्ताओं को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। कंपनी एनटीपीसी, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) और मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) जैसे प्रमुख बिजली उत्पादकों को कोयला आपूर्ति करती है।

# 'एआई कोहोर्ट 2026' में शामिल होंगे पांच स्टार्टअप

एजेंसी



बेंगलुरु। उद्योग पूंजी कंपनी एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड ने 'एटम्स एआई कोहोर्ट 2026' में शामिल होने वाले पांच स्टार्टअप की सोमवार को घोषणा की जो एंटरप्राइज, वॉयस और औद्योगिक एआई में नए समाधान विकसित करेंगे। 'एटम्स एआई कोहोर्ट', एक्सेल एटम्स का एक विशेष कार्यक्रम है जिसे एआई स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। 'एटम्स एआई कोहोर्ट 2026' एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी है। बयान के अनुसार, 4,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए इन पांच स्टार्टअप को भारतीय उद्यमियों को समर्थन देने के एक्सेल के लंबे अनुभव और गूगल की उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना का लाभ मिलेगा, जिससे वे शुरुआती विचार से वैश्विक स्तर तक विस्तार कर सकेंगे। प्रत्येक स्टार्टअप को 20 लाख अमेरिकी डॉलर तक का संयुक्त निवेश मिलेगा। इसके साथ ही गूगल क्लाउड, जेमिनी और गूगल डीपमाइंड के संसाधनों के लिए 3.5 लाख अमेरिकी डॉलर तक की संगणनात्मक (कंप्यूट) क्रेडिट सुविधा भी दी जाएगी। ये पांच स्टार्टअप के-डेंस, डॉज एआई, पर्सिस्टेंस लैब्स, जिंगरोल और लेवलप्लेन हैं। 'के-डेंस', जीवन विज्ञान, भौतिकी एवं रसायन विज्ञान में खोज को तेज करने के लिए एआई आधारित सह-वैज्ञानिक विकसित कर रहा है। 'डॉज एआई', आधुनिक उद्यम संसाधन नियोजन प्रणालियों को उन्नत बनाने के लिए स्वायत्त कृत्रिम मेधा एजेंट विकसित कर रहा है। 'पर्सिस्टेंस लैब्स', बड़े पैमाने पर कॉल सेंटर संचालन को बदलने के लिए आवाज आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर रहा है। 'जिंगरोल', उपभोक्ताओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मनोरंजन और स्ट्रीमिंग अनुभव विकसित कर रहा है जबकि 'लेवलप्लेन', सटीकता आधारित वाहन और एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए औद्योगिक स्वचालन को आगे बढ़ा रहा है। एक्सेल में साझेदार प्रयंक स्वरूप और शेखर किरानी ने कहा कि यह समूह ''साहसिक व मौलिक सोच'' का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा, '' 'एटम्स' हमेशा से उन उद्यमियों का समर्थन करने के बारे में रहा है जो संभावनाओं के शुरुआती चरण में होते हैं, जब केवल महत्वाकांक्षा और अंतर्दृष्टि होती है। हमें विश्वास है कि भारत के सबसे प्रेरित उद्यमी पहले दिन से ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और अब हमारे साथ गूगल के होने से उन्हें एक मजबूत शुरुआत का मंच मिलेगा। गूगल एआई फ्यूचर्स फंड के सह-संस्थापक एवं निदेशक जोनाथन सिल्बर ने कहा कि प्रारंभिक चरण में संगणनात्मक क्षमता उपलब्ध होने से ये स्टार्टअप ''कठिन समस्याओं को अधिक तेजी एवं जिम्मेदारी के साथ हल कर सकेंगे।

## सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस और टी पोस्ट को दी आईपीओ के लिए मंजूरी

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से अद्यतन जानकारी ने अनुसार, इसी के साथ रेज़ पावर इन्फ्रा, मधुर आयरन एंड स्टील और अर्जुन ज्वेलर्स के दस्तावेज नौ से 13 मार्च के बीच वापस ले लिए गए या लौटा दिए गए। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय शेयर बाजार दबाव में हैं। सेबी के आंकड़ों के अनुसार, यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी ट्रैवलस्टैक टेक, 'लक्ष्य' कोचिंग सेंटर संचालित करने वाली लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट ने जून से दिसंबर के बीच अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे और उन्हें 10 से 11 मार्च के दौरान नियामकीय की ओर से टिप्पणियां मिल गईं।

# थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी हुई, खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े

एजेंसी




नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका लगने वाली खबर आई है। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर फरवरी में लगातार चौथे महीने बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी रही। हालांकि, इस दौरान सब्जियों की कीमतों में मासिक आधार पर कुछ नरमी आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़ों के जरिये बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। जनवरी में यह 1.81 फीसदी थी, जबकि फरवरी 2025 में यह 2.45 फीसदी रही थी। दिसंबर में थोक महंगाई दर 0.83 फीसदी के स्तर पर थी। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी में मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, आधार धातुओं के विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई दर बढ़ी है। सब्जियों की महंगाई जनवरी के 6.78 फीसदी से घटकर फरवरी में 4.73 फीसदी रह गई। हालांकि, दाल, आलू एवं अंडा, मांस तथा मछली की कीमतों में फरवरी में पिछले महीने की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक विनिर्मित उत्पादों के मामले में डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.92 फीसदी हो गई, जो इससे पिछले महीने 2.86 फीसदी थी।

## देश का निर्यात फरवरी में 0.81 प्रतिशत घटकर 36.61 अरब डॉलर

नयी दिल्ली। देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 0.81 प्रतिशत घटकर 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आयात फरवरी में 24.11 प्रतिशत बढ़कर 63.71 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जबकि फरवरी, 2025 में यह 51.33 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने व्यापार आंकड़ों पर मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी अवधि में देश का निर्यात 1.84 प्रतिशत बढ़कर 402.93 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# सोना और चांदी की कीमत में मामूली गिरावट

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,650 रुपये से लेकर 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,46,340 रुपये से लेकर 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,800 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कायस्थ समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह, एकजुटता का दिया संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क











हरदोई। कायस्थ समाज, हरदोई द्वारा डिवाइन इन बैंक्वेट हॉल में भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री चित्रगुप्त जी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कायस्थ समाज के अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव द्वारा की गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस उपाधीक्षक विमल श्रीवास्तव ने कहा कि होली का पर्व आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का प्रतीक है। उन्होंने कायस्थ समाज की गौरवशाली परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए समाज के युवाओं को शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में वक्ताओं ने समाज की एकता और अखंडता पर जोर देते हुए सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान कायस्थ समाज के संरक्षक डॉ अजय अस्थाना की वयोवृद्ध माता (97) को समाज द्वारा सम्मानित किया गया और उनके दीर्घायु की कामना की गई।।

कार्यक्रम का संचालन जनपद महामंत्री धीरज अस्थाना, राजू श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ समाज के प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण विमल श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश अस्थाना, प्रमोद निगम, सुशील सिन्हा उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरदोई जनपद के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ जे0 के0 वर्मा, डॉ अजय अस्थाना, डॉ नवीन सक्सेना, संजीव श्रीवास्तव, राम श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष श्याम प्रकाश श्रीवास्तव, संगठन मंत्री वीरेश श्रीवास्तव, हरी प्रकाश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, उत्तम श्रीवास्तव, ज्योति प्रकाश सिंह, सुनील सिन्हा, सुयश श्रीवास्तव, आशीष अस्थाना, राजू श्रीवास्तव, संजू श्रीवास्तव, अमरेंद्र श्रीवास्तव, राजीव खरे, अखिलेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आशीष अस्थाना ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## उरई में मंदिर के पास शराब ठेका खुलने से आक्रोश, महिलाओं ने किया सड़क जाम

उरई। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के जिला मुख्यालय उरई से सटे बोहदपुरा गांव में सोमवार को ग्रामीण महिलाओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। उन्होंने गांव के मंदिर के पास स्थित शराब के ठेके के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। बोहदपुरा गांव में सोमवार को दर्जनों महिलाएं सड़क पर धरने पर बैठ गईं। महिलाओं का आरोप है कि धार्मिक स्थल के निकट होने के कारण इस ठेके से गांव का माहौल दूषित हो रहा है। उनका कहना था कि इस ठेके की वजह से इलाके में शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जो अश्लील हरकतें और गाली-गलौज करते हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक इस ठेके को यहां से नहीं हटाया जाता, वे अपना आंदोलन जारी रखेंगी। महिलाओं के सड़क पर बैठने से मुख्य मार्ग पर आवागमन ठप हो गया । वाहनों की लंबी कतारें लगने से कोतवाली उरई पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। काफी देर की नोकझोंक और समझाने-बुझाने के बाद महिलाएं जाम हटाने को तैयार हुईं। पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्या को वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसके बाद जाम समाप्त हुआ । ग्रामीणों ने साफतौर पर कहा है कि अगर जल्द ही इस ठेके को मंदिर के पास से नहीं हटाया गया, तो वे फिर से सड़कों पर उतरेंगे और आंदोलन को और तेज कर देंगे। सीओ राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थिति पर काबू कर लिया गया और प्रशासनिक स्तर पर समस्या के समाधान के प्रयास जारी हैं।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


## कमिश्नरी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कमिश्नर ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी कचहरी स्थित कमिश्नरी सभागार में सोमवार को आयोजित एक समारोह में मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालचंद चौबे, महामंत्री अजय कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की और अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ न्यायिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में सकारात्मक सहयोग प्रदान करेंगे। मंडलायुक्त ने स्वतंत्रता आंदोलन में अधिवक्ताओं के रोल को रेखांकित करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद महत्वपूर्ण पदों पर भी अधिवक्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने केशवानंद भारती समेत देश की न्याय व्यवस्था में पीआईएल की शुरुआत पर भी प्रकाश डालते हुए अधिवक्ताओं के रोल को रेखांकित किया। अपर आयुक्त विवेक कुमार ने कार्यक्रम में निर्वाचित सभी लोगों को बधाई देते हुए विधि सम्मत कार्य में सभी को सहयोग करने के लिए अपील किया। उन्होंने वादकारियों को सुगम न्याय दिलाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम में उपायुक्त खाद्य ओमप्रकाश पटेल, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश सहित बार एसोसिएशन के सदस्य, अधिवक्ता गण तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडल प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की पाठशाला : प्रकाश पाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




कानपुर। भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रशिक्षण वर्ग केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के निर्माण की पाठशाला हैं, जहां विचारधारा की समझ के साथ तकनीकी दक्षता भी विकसित की जाती है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और उसका सशक्त प्रशिक्षण ही भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाता है। यह बातें सोमवार को भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। उनकी उपस्थिति में कानपुर स्थित भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में मंडल प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 7 मार्च से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक चलने वाले प्रशिक्षण वर्गों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में प्रकाश पाल ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं के लिए रात्रि विश्राम अनिवार्य होगा। उन्होंने मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वर्ग प्रारंभ होने से पहले सभी संबंधित कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें आमंत्रित करें, जिससे प्रशिक्षण में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में बताया गया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सात सत्रों में आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में भाजपा का इतिहास और विकास, पार्टी की कार्य पद्धति व वैचारिक अधिष्ठान, प्रभावी बूथ प्रबंधन, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया व आईटी का उपयोग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक विषयों पर वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण वर्गों के सफल संचालन के लिए एक विशेष मॉनिटरिंग टीम भी गठित की गई है, जो विभिन्न मंडलों में जाकर व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लेगी।

## चुनावों में महिलाओं की हिस्सेदारी ने भारतीय लोकतंत्र को अधिक सहभागितापूर्ण बनाया : प्रो. संजय कुमार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। ईश्वर शरण पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सोमवार को ''भारतीय चुनावों की नई प्रवृत्तियां'' विषय पर व्याख्यान हुआ। जिसमें विकासशील समाज अध्ययन पी, (सीएसडीएस) नई दिल्ली के पूर्व निदेशक और देश के जाने माने चुनाव विश्लेषक प्रो. संजय कुमार ने कहा कि चुनावों में महिलाओं की बढ़ती हुई हिस्सेदारी ने भारतीय लोकतंत्र को अधिक सहभागितापूर्ण बनाया है।

उन्होंने बताया कि पिछले कई दशकों के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बढ़ता हुआ महिला मतदान प्रतिशत महिलाओं की राजनीति में सक्रिय और बढ़ती हुई हिस्सेदारी का प्रतीक है। उनके अनुसार इस दौरान पुरुषों के मतदान प्रतिशत में अपेक्षित रूप से उतनी बढ़ोत्तरी नहीं हुई, जितना की महिलाओं के मतदान प्रतिशत में हुई। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बड़ी भूमिका साक्षरता की है जिसने महिलाओं में जागरूकता पैदा की है, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इसमें सामान्य रूप से शिक्षित महिलाओं की भूमिका अधिक रूप से शिक्षित महिलाओं की भूमिका से कम है। प्रो. संजय कुमार ने भारतीय चुनावों में युवा मतदाताओं की बढ़ती हुई सहभागिता की चर्चा भी की। कहा कि जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को अधिक वाइब्रेंट बनाया है और राजनीतिक दलों का झुकाव महिलाओं के साथ साथ युवा मतदाताओं की तरफ भी है। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बढ़ती प्रत्याशियों की संख्या का भी विश्लेषण किया और इस संबंध में चुनाव आयोग की ओर से लगाए गए प्रतिबंध की भी चर्चा की। उनके अनुसार चुनावों में महिला प्रत्याशियों की हिस्सेदारी आनुपातिक रूप से अधिक है और महिला प्रत्याशियों के जीतने की सम्भावना भी अधिक देखी गई है। उनके अनुसार हालिया चुनावों में यह देखने को मिला है कि मतदाता अब बहुत निर्णायक होकर मतदान कर रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने कहा कि महिलाओं की राजनीति में सहभागिता भारतीय चिंतन परम्परा से प्रेरित है। मैत्रायणी संहिता में राजा को चुनने के लिए जिस बारह सदस्यीय समिति का वर्णन था उसमें एकमात्र महिला सदस्य के स्थान पर न्यूनतम चार महिलाओं के होने की बात की गई। उनके अनुसार आज जब महिलाएं सार्वजनिक क्षेत्र के तमाम क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कर रही हैं तो ऐसे में राजनीति भी उनसे अछूती नहीं है। व्याख्यान में अतिथियों का स्वागत और आधार वक्तव्य राजनीति विज्ञान विभाग के संयोजक प्रो. शिव हर्ष ने दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनावों के संवैधानिक स्वरूप को सेकुलर लेकिन उसकी व्यवहारिक शैली को मूलतः धर्म और जाति से प्रेरित बताया। कार्यक्रम का संयोजन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य और सीएसडीएस लोकनीति के उत्तर प्रदेश इकाई के समन्वयक डॉ अखिलेश पाल ने किया। व्याख्यान का संयोजन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रो़फ़ेसर डॉ अखिलेश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के आईक्यूएसी की संयोजक प्रो. अनुजा सलूजा, दर्शनशास्त्र विभाग की संयोजक प्रो.अमिता पांडेय समेत कॉलेज के सहायक प्रो़फ़ेसर डॉ. हर्षमणि सिंह, डॉ. महेंद्र प्रसाद, डॉ. कृपा किंजलकम, डॉ. अश्विनी देवी, डॉ. शिखा श्रीवास्तव, डॉ. अंकित पाठक, कार्तिक अस्थाना सहित विश्वविद्यालय और उसके संघटक महाविद्यालयों के शोधार्थियों समेत महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा प्रयागराज केंद्र के शोधार्थी पवन उपाध्याय, गोविंद वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान झूंसी की शोधार्थी प्रगति पांडेय एवं नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के शोधार्थी राकेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## लिव-इन रिलेशनशिप और कानून: महिलाओं की सुरक्षा कितनी मजबूत?

भारतीय समाज परंपराओं और विवाह संस्था पर आधारित रहा है, जहाँ विवाह को केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं बल्कि सामाजिक और नैतिक दायित्व माना जाता है। किंतु बदलते समय, शहरीकरण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना के कारण लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा भी समाज में सामने आई है। ऐसे संबंधों में दो वयस्क बिना विवाह के साथ रहते हैं और अपना जीवन साझा करते हैं। समाज में इसे लेकर अलग-अलग मत हो सकते हैं, लेकिन कानून ने इस विषय को व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझने का प्रयास किया है।

भारतीय कानून में लिव-इन रिलेशनशिप की स्पष्ट परिभाषा भले न हो, लेकिन Supreme Court of India और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने अपने कई निर्णयों में यह स्पष्ट किया है कि दो वयस्कों का अपनी इच्छा से साथ रहना अपराध नहीं है। न्यायालयों ने यह भी माना है कि यदि कोई पुरुष और महिला लंबे समय तक साथ रहते हैं और उनका संबंध विवाह जैसी प्रकृति का प्रतीत होता है, तो उसे "relationship in the nature of marriage" के रूप में देखा जा सकता है।

इस विषय का सबसे महत्वपूर्ण पहलू महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों से जुड़ा है। यदि किसी महिला के साथ ऐसे संबंध में रहते हुए शारीरिक, मानसिक या आर्थिक उत्पीड़न होता है, तो उसे कानून के तहत संरक्षण प्राप्त है। इस संदर्भ में Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 विशेष महत्व रखता है। इस कानून के अंतर्गत "relationship in the nature of marriage" में रहने वाली महिला भी घरेलू हिंसा के विरुद्ध न्यायालय से संरक्षण, निवास का अधिकार तथा आर्थिक सहायता जैसी राहत प्राप्त कर सकती है।

हालाँकि न्यायालयों ने यह भी स्पष्ट किया है कि हर लिव-इन संबंध स्वतः विवाह के समान नहीं माना जा सकता। किसी संबंध को विवाह जैसी प्रकृति का मानने के लिए यह आवश्यक है कि दोनों पक्ष वयस्क हों, लंबे समय तक साथ रहे हों और उनका संबंध केवल अस्थायी या आकस्मिक न हो। साथ ही यदि कोई व्यक्ति पहले से विधिवत विवाहित है, तो बिना वैधानिक रूप से विवाह समाप्त किए किसी अन्य के साथ लिव-इन संबंध स्थापित करना कई कानूनी जटिलताओं को जन्म दे सकता है।

स्पष्ट है कि कानून का उद्देश्य किसी सामाजिक विवाद को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बदलते सामाजिक परिवेश में यह आवश्यक है कि लोगों को इस विषय से जुड़े कानूनी प्रावधानों की सही जानकारी हो, ताकि अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारियों को भी समझा जा सके।

अंततः कहा जा सकता है कि लिव-इन रिलेशनशिप भारतीय समाज में भले ही एक नया सामाजिक प्रयोग हो, लेकिन कानून का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि ऐसे संबंधों में रहने वाली महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता न हो।

**– सौरभ पाठक, अधिवक्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ, लखनऊ**